www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:05 बजे
सूर्यास्त शाम 5:25 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-84 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • शनिवार 29 नवंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारत-म्यांमार बॉर्डर पर ED की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने ड्रग तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मिजोरम के चंफाई और आइजोल में पहली बार भारत–म्यांमार बॉर्डर पर छापेमारी की। इसके साथ ही असम के करीमगंज, गुजरात के अहमदाबाद और अन्य राज्यों में भी तलाशी ली गई। जांच में खुलासा हुआ कि पूर्वोत्तर में सक्रिय ड्रग कॉरिडोर को असम, मिजोरम, नगालैंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और दिल्ली में फैले हवाला ऑपरेटर संचालित करते थे। इनके खातों में 52.8 करोड़ रुपये का लेनदेन मिला। छापे में 35 लाख नकद, डिजिटल डिवाइस और अहम दस्तावेज जब्त हुए।

### UAE ने पाक को वीजा देना किया बंद

**तेनकासी।** संयुक्त अरब अमीरात ने पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा जारी करना बंद कर दिया है। पाकिस्तान के गृह मंत्रालय के अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि ब्लू और डिप्लोमैटिक पासपोर्ट धारकों को वीजा मिलना जारी है। पाकिस्तानी अख़बार के मुताबिक पहली बार या सिंगल-एंट्री वीजा के 70–80% आवेदन खारिज किए जा रहे हैं। जिन आवेदकों के परिवार पहले से यूएई में हैं, उनके वीजा मिलने की संभावना अधिक है। लाहौर के 28 वर्षीय नदीम का दुबई घूमने का वीजा दो बार रिजेक्ट हो गया। ट्रैवल एजेंटों के अनुसार 40 साल से कम उम्र वाले युवाओं की कड़ी जांच के कारण अधिकांश वीजा आवेदनों को अस्वीकृत किया जा रहा है।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन 4-5 दिसंबर को भारत दौरे पर

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आगामी 4-5 दिसंबर को भारत की यात्रा पर आएंगे। यह दौरा भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन (23वां संस्करण) के तहत हो रहा है, जिसकी पुष्टि शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने की। अपने दो दिवसीय भारत प्रवास के दौरान पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ औपचारिक वार्ता करेंगे। इसके अलावा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी पुतिन का स्वागत करेंगी और राज्य दौरे के सम्मान में उनके लिए भोज आयोजित करेंगी। विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा यह राज्य दौरा भारत और रूस के नेतृत्व को द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा करने और सुदृढ़ करने की दिशा तय करने अवसर प्रदान करेगा।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# हाथों में पेट्रोल की बोतल, पानी की टंकियों पर चढ़े, कर्मचारी ने आत्मदाह की कोशिश की

## झड़प में पुलिसकर्मी घायल, कई जगह हालात बिगड़े, किलोमीटर स्कीम के खिलाफ पंजाब में उग्र आंदोलन

**समर न्यूज नेटवर्क । पंजाब**

पंजाब सरकार द्वारा किलोमीटर स्कीम के तहत निजी बसों को शामिल करने के फैसले के विरोध में पंजाब रोडवेज–पनबस और पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन के कर्मचारी फिर से सड़कों पर उतर आए हैं। शुक्रवार तड़के पुलिस ने कई यूनियन नेताओं को घरों से उठाकर डिटेन कर लिया, जिसके बाद गुस्साए कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

यूनियन नेताओं को गिरफ्तार और नजरबंद किए जाने के विरोध में कर्मचारियों ने सुबह 6 बजे ही पटियाला के नए बस स्टैंड को पूरी तरह बंद कर दिया और सरकार व प्रबंधन के खिलाफ जोरदार धरना शुरू कर दिया। पंजाब रोडवेज–पनबस और पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन के सीनियर मित प्रधान हरकेस कुमार विक्की ने बताया कि कर्मचारियों से किए गए वादों पूरे नहीं किए जा रहे हैं। आज किलोमीटर स्कीम के बस टेंडर खोलने के लिए यूनियन नेताओं को गिरफ्तार कर दबाव बनाया जा रहा है। इसका डटकर विरोध किया जाएगा।

विक्की ने कहा कि पाटियाला बस स्टैंड को बंद किया गया है और पूरे प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर भी रोष प्रदर्शन चल रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बस स्टैंड पर अखंड पाठ साहिब का प्रकाश होने के बावजूद कर्मचारियों को मजबूरी में बस स्टैंड बंद करना पड़ा। यूनियन का कहना है कि किलोमीटर स्कीम निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचाती है और सरकारी परिवहन को धीरे–धीरे खत्म कर



एसएचओ धुरी जसवीर सिंह संगरूर बस स्टैंड के बाहर पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स के साथ झड़प के दौरान आग में झुलस गए। -समर न्यूज

देगी। यूनियन नेताओं ने साफ कहा कि किसी भी सूरत में किलोमीटर स्कीम की बसें चलने नहीं दी जाएंगी। पंजाब में इस हड़ताल से अफरा-तफरी मच गई है। लोग बसों के इंतजार में परेशान होते दिखे। संगरूर में एक कर्मचारी ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की। उसे बचाने की कोशिश में एक पुलिसकर्मी भी झुलस गया। लुधियाना में एक रोडवेज कर्मचारी बस स्टैंड की पानी की टंकी पर चढ़ गया। जब उसे नीचे उतरने को कहा गया तो उसने पंजाब सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। मानसा के बुढलाडा में तीन कर्मचारी पेट्रोल की बोतलें लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गए। उनका कहना है कि अगर सरकार किलोमीटर स्कीम के टेंडर पर अपना फैसला वापस नहीं लेती तो वे खुद को आग लगा लेंगे।

पटियाला में पुलिस और रोडवेज कर्मचारियों के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने कई कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया। जालंधर में कर्मचारियों ने बस स्टैंड को बंद कर दिया और निजी बसों का प्रवेश भी रोक दिया। रोडवेज कर्मचारी यूनियन के नेताओं नछत्तर सिंह और विक्रमजीत सिंह ने कहा कि वे किलोमीटर स्कीम के तहत बसों के टेंडर को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। यह पिछले दो महीनों में उनका तीसरा विरोध है। जब भी वे प्रदर्शन करते हैं, सरकार टेंडर की तारीख बढ़ा देती है, लेकिन बाद में टेंडर को रद्द नहीं करती। इसलिए इस बार उनकी हड़ताल अनिश्चितकालीन होगी। हड़ताल के ऐलान के बाद पंजाब सरकार ने भी कर्मचारियों पर कार्रवाई तेज कर दी है। पूरे राज्य में यूनियन नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। बस हड़ताल के कारण आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उधर, पटियाला के एसपी सिटी पलविंदर चीमा ने कहा कि पीआरटीसी के आउटसोर्स कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने अड्डे के गेट बंद कर दिए और नारेबाजी की। हमने उन्हें बार-बार बताया कि वे जो कर रहे हैं वह गैरकानूनी है, सभी को शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने का अधिकार है, लेकिन वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध नहीं कर रहे थे। हमने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और अब स्थिति शांतिपूर्ण है। कानून के अनुसार, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी क्योंकि उन्होंने कानून अपने हाथ में लिया है।

### सरकार विचार कर रही, 24 घंटे में हल नहीं होते मसले : चीमा



*पीआरटीसी मुलाजिमों के इस प्रदर्शन पर वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर विचार कर रही है। उन्हें कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। बैठकर सारे मामले हल होंगे। ऐसा नहीं होता कि 24 घंटे में मामला हल हो जाए। उन्हें संयम रखना चाहिए। उन्हें कानून को अपने हाथों में नहीं लेना चाहिए।*

# कनाडा में कपिल के कैफे पर फायरिंग करने वाला गैंगस्टर बंधू सिंह गिरफ्तार

**समर न्यूज। नई दिल्ली**

कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफ़े पर हुई फायरिंग की घटना में दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर बंधू मान सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्टों के मुताबिक वह कनाडा से दिल्ली लौटते ही क्राइम ब्रांच की रडार पर आ गया और उसे एयरपोर्ट के बाहर से हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार बंधू मान, गोल्डी ढिल्लों गैंग से जुड़ा हुआ एक सक्रिय अपराधी है, जिस पर कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से एक चीनी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस की जांच में सामने आया है कि बंधू मान विदेशी धरती पर कारोबारियों और हाई-प्रोफाइल लोगों को निशाना



दिल्ली पुलिस की हिरासत में गैंगस्टर बंधू सिंह। -समर न्यूज

बनाने वाले कई रंगदारी रैकेटों में शामिल रहा है। वह लगातार ढिल्लों गैंग के नेटवर्क से संपर्क में था और कपिल शर्मा के कैफ़े पर हमले और धमकी देने की साजिश में उसकी केंद्रीय भूमिका थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर की गई और आरोपी के अंतरराष्ट्रीय संपर्कों की गहन जांच जारी है। अधिकारी के अनुसार, जांच दल यह पता लगाने में जुटा है कि साजिश में और कौन शामिल था, विदेश में बैठे संचालक किस तरह इस नेटवर्क को चला रहे थे और भारत में उनकी गतिविधियाँ कैसे संचालित होती थीं। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान और उनके भूमिकात्मक संबंधों की पड़ताल की जा रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले इस अपराधी नेटवर्क पर शिकंजा कसने के लिए कई एजेंसियाँ संयुक्त रूप से काम कर रही हैं।

# बच्चों का दम घुट रहा, केंद्र सरकार चुप क्यों : राहुल

## ▪ संसद में विस्तृत बहस और स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए कार्य योजना की जरूरत

**समर न्यूज | नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को शीतकालीन सत्र से पहले देश के कई शहरों में वायु प्रदूषण पर संसद में बहस की माँग की। एक पोस्ट में, राहुल गांधी ने केंद्र पर सवाल उठाते हुए वायु प्रदूषण की समस्या के लिए 'कोई तत्परता, योजना या जवाबदेही नहीं' का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि मैं जिस भी माँ से मिलता हूँ, वह मुझे एक ही बात कहती है: उसका बच्चा ज़हरीली हवा में साँस लेते हुए बड़ा हो रहा है। वे थके हुए, डरे हुए और गुस्से में हैं। मोदी जी, भारत के बच्चे हमारे सामने घुट रहे हैं। आप चुप कैसे रह सकते हैं? आपकी सरकार कोई तत्परता, कोई योजना, कोई जवाबदेही क्यों नहीं दिखाती?




उन्होंने लिखा कि भारत को वायु प्रदूषण पर संसद में तत्काल, विस्तृत बहस और इस स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए एक सख्त, लागू करने योग्य कार्य योजना की आवश्यकता है। हमारे बच्चे स्वच्छ हवा के हकदार हैं - बहाने और ध्यान भटकाने वाले नहीं। इस बीच, पार्टी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस 30 नवंबर को शाम 5 बजे सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर संसदीय रणनीति समूह की बैठक करेगी, जिसमें 1 दिसंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र की रणनीति तैयार की जाएगी।

इससे पहले आज, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी उत्तर भारत में वायु प्रदूषण का समाधान न करने और एयर प्यूरीफायर पर कथित तौर पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। केजरीवाल ने X पर लिखा, 'स्वच्छ हवा और स्वच्छ पानी हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। दिल्ली समेत उत्तर भारत में हवा जानलेवा हो गई है और समाधान देने के बजाय सरकार जनता से टैक्स वसूल रही है। लोग अपने परिवारों को प्रदूषण से बचाने के लिए एयर प्यूरीफायर खरीदने जाते हैं और उन्हें पता चलता है कि सरकार उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा रही है।'

आप प्रमुख ने कहा, 'यह सरासर अन्याय है। मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूँ कि एयर और वाटर प्यूरीफायर पर लगाया गया जीएसटी तुरंत हटाया जाए। अगर आप समाधान नहीं दे सकते, तो कम से कम जनता की जेब पर बोझ डालना तो बंद करें।' केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, आज सुबह 8 बजे दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 384 दर्ज किया गया। 27 नवंबर को शाम 4 बजे शहर का एक्यूआई 377 दर्ज किया गया था। मामूली गिरावट के बावजूद, शहर की वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में बनी रही।

# इमरान खान को लेकर पाकिस्तान में भूचाल

## बेटे ने कहा-पिता जिंदा हैं भी या नहीं, सबूत चाहिए, जेल के बाहर हिंसा

**-सीएम सोहेल अफरीदी की पिटाई, पीटीआई ने सरकार-सेना पर गंभीर आरोप लगाए**

**एजेंसी। रावलपिंडी**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। उनके बेटे कासिम खान ने दावा किया है कि उन्हें इस बात का कोई सबूत नहीं दिया गया कि उनके पिता जिंदा हैं। कासिम ने लिखा कि पिछले छह हफ्तों से इमरान खान को एक अलग 'डेथ सेल' में रखा गया है, जहां न तो परिवार, न वकीलों और न ही पार्टी नेताओं को मिलने दिया जा रहा है। कासिम ने इसे "सुरक्षा उपाय नहीं, बल्कि जानबूझकर किया जा रहा अलगाव" बताया और संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाओं तथा लोकतांत्रिक देशों से दखल की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि इमरान खान के साथ किसी भी अनहोनी के लिए सीधे पाकिस्तान सरकार जिम्मेदार होगी।

इस बीच, रावलपिंडी की अडियाला जेल के बाहर देर रात हाई-वोल्टेज ड्रामा हुआ। खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी इमरान खान से मिलने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। इसी दौरान धक्का-मुक्की में पुलिस ने अफरीदी को सड़क पर गिराकर लात–घूंसे मारे। पीटीआई ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया है। अफरीदी ने कहा कि अगर सरकार इमरान खान की असली हालत सामने नहीं लाती, तो वे बड़े पैमाने पर विरोध करेंगे। इमरान खान की बहनों ने भी दावा किया है कि उन्हें कई हफ्तों से मुलाकात की अनुमति नहीं मिल रही। अफवाहें तब और तेज़ हो गईं जब सोशल मीडिया पर खबरें फैलीं कि इमरान खान की मौत हो चुकी है। हालांकि जेल प्रशासन ने आधिकारिक बयान में कहा कि "इमरान खान बिल्कुल ठीक हैं", लेकिन पीटीआई सरकार से पारदर्शिता की मांग कर रही है। इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं और उन पर 100 से ज्यादा मामले चल रहे हैं। उन्हें तोशाखाना केस में 14 साल की सज़ा सुनाई गई, जबकि अल-कादिर ट्रस्ट केस में पाकिस्तान सरकार ने 50 अरब रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। आरोप है कि अरबपति व्यवसायी मलिक रियाज ने इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को जमीन और महंगी ज्वेलरी दी, बदले में उनके खिलाफ मामलों को दबा दिया गया। इन सबके बीच, पीटीआई ने चेतावनी दी है कि इमरान खान की सुरक्षा और संवैधानिक अधिकारों की पूरी जिम्मेदारी मौजूदा सरकार की होगी।

### 40 मौतों की लिस्ट सौंपकर CEC ज्ञानेश कुमार से तीखे सवाल

# टीएमसी का चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप

**एजेंसी । नई दिल्ली**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 10 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। बैठक के दौरान टीएमसी नेताओं ने आरोप लगाया कि SIR प्रक्रिया "हिंसा का कारण बनी है" और इसी से जुड़े 40 लोगों की मौतों की सूची ज्ञानेश कुमार को सौंपी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा, "हमने बैठक की शुरुआत इस कहकर की कि ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग के हाथ इस हिंसा की वजह से 'खून से सने' हैं। लगभग 40 लोगों की सूची हमने उनके सामने रखी।"

इस प्रतिनिधिमंडल में ओ'ब्रायन के अलावा डोला सेना, साकेत गोखले, ममता ठाकुर और महुआ मोइत्रा भी शामिल थीं।

ओ'ब्रायन ने बताया कि बैठक में टीएमसी ने आयोग के सामने कम से कम पाँच महत्वपूर्ण प्रश्न रखे, लेकिन किसी भी सवाल का उत्तर नहीं दिया गया। उनके अनुसार, दो घंटे की बैठक में टीएससी ने लगभग 40 मिनट तक अपनी बात रखी, उसके बाद CEC ने अपनी तरफ से जवाब दिया, लेकिन कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं मिला।

टीएमसी सांसद ममता ठाकुर ने प्रेस वार्ता में कहा कि SIR प्रक्रिया में सिर्फ पश्चिम बंगाल को शामिल किया गया है, जबकि ऐसे राज्य जहाँ वास्तविक सीमा पार आव्रजन होता है मिज़ोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड उन्हें सूची में नहीं रखा गया। उन्होंने सवाल उठाया किअगर घुसपैठियों का मुद्दा है। ठाकुर ने यह भी कहा कि बंगालियों को कई जगह बांग्लादेशी कहकर निशाना बनाया जाता है और उनकी पहचान पर हमला होता है।

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### केंद्रीय भू-जल बोर्ड की रिपोर्ट में कई राज्यों के भूमिगत जल में फ्लोराइड और आर्सेनिक की मौजूदगी का खुलासा

# पंजाब में भूजल का बड़ा संकट, 62% पानी के नमूनों में खतरनाक

**समर न्यूज़ । चंडीगढ़**

उत्तर भारत के कई प्रमुख राज्यों में भूमिगत जल की गुणवत्ता तेजी से खराब होती जा रही है और इसका सबसे भयावह स्वरूप पंजाब में सामने आया है। जल शक्ति मंत्रालय के केंद्रीय भू-जल बोर्ड (CGWB) द्वारा जारी ग्राउंडवॉटर क्वालिटी रिपोर्ट 2025 के अनुसार, पंजाब में मॉनसून के बाद लिए गए 62.50% भूजल नमूनों में यूरेनियम का स्तर सुरक्षित सीमा से अधिक पाया गया है—जो पूरे देश में सबसे अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि मॉनसून से पहले यह आंकड़ा 53.04% था, जो बारिश के बाद और बढ़ गया। इससे संकेत मिलता है कि जलभराव के बावजूद यूरेनियम का स्तर कम होने की बजाय और अधिक घातक हो रहा है। हरियाणा में भी स्थिति खासा चिंताजनक है, जहां मॉनसून से पहले 15% और बाद में 23.75% नमूने असुरक्षित पाए गए।

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यूरेनियम से प्रदूषित पानी का उपचार सरल नहीं है और कोई एक तकनीक इसे पूरी तरह शुद्ध नहीं कर सकती। शोषण (Adsorption) तकनीक प्रभावी है लेकिन अत्यधिक महंगी। जमावट-छनन प्रक्रिया किफायती है, पर हमेशा पीने योग्य मानक नहीं दे पाती। हाइब्रिड जमावट प्रणाली लगभग 99% यूरेनियम हटाने में सक्षम है। रिवर्स ओस्मोसिस को सबसे प्रभावी माना जाता है, पर इसकी लागत अत्यधिक होने से ग्रामीण इलाकों में इसे लागू करना मुश्किल है। वाष्पीकरण-आसवन तकनीक भी उच्च शुद्धि देती है, पर इसकी लागत और उत्पन्न होने वाला खतरनाक कचरा एक बड़ी चुनौती है। बायोरीमेडिएशन को पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बताया गया है, लेकिन यह प्रक्रियागत रूप से धीमी है और प्रभाव क्षेत्र विशेष परिस्थितियों पर निर्भर करता है। रिपोर्ट स्पष्ट संकेत देती है कि पंजाब और हरियाणा सहित कई राज्यों में भूमिगत जल तेजी से विषाक्त हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि तुरंत और व्यापक कदम न उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह संकट जनस्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालिक और गंभीर प्रभाव डाल सकता है।

### ▪ फ्लोराइड और नाइट्रेट: भारत के लिए बड़ी चुनौती

रिपोर्ट में फ्लोराइड और नाइट्रेट दूषण को भी गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बताया गया है। राजस्थान में 41.06%, हरियाणा में 21.82% और पंजाब में 11.24% नमूनों में फ्लोराइड की मात्रा 1.5 mg/L की सीमा से ऊपर पाई गई, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.05% है। नाइट्रेट का स्तर भी कई राज्यों में बेहद ऊंचा है—राजस्थान (50.54%), कर्नाटक (45.47%), तमिलनाडु (36.27%), पंजाब (14.68%) और हरियाणा (14.18%)। रिपोर्ट के अनुसार इसका मुख्य कारण उर्वरकों



का अत्यधिक इस्तेमाल, पशु अपशिष्ट का जल स्रोतों में प्रवेश और सीवरेज का रिसाव है।

आर्सेनिक प्रदूषण, भले ही भूगोलिक रूप से सीमित हो, लेकिन इंडो-गंगेटिक क्षेत्र में गंभीर खतरा बना हुआ है। पश्चिम बंगाल, बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब इसके प्रमुख प्रभावित राज्य हैं। पंजाब में मॉनसून से पहले 9.1% और बाद में 9.5% नमूनों में आर्सेनिक का स्तर सीमा से अधिक पाया गया। वहीं, देशभर में मिट्टी की उर्वरता और फसली उत्पादकता को प्रभावित करने वाले अवशिष्ट सोडियम कार्बोनेट के मामले भी गंभीर हैं। भारत में 11.27% नमूनों ने सुरक्षित सीमा (2.5 meq/L) को पार किया। दिल्ली (51.11%), उत्तराखंड (41.94%), आंध्र प्रदेश (26.87%), पंजाब (24.60%) और राजस्थान (24.42%) सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं।

# नेपाल ने 100 के नोट पर भारतीय क्षेत्र दिखाने से नया विवाद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से कड़ा रुख अपनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नेपाल द्वारा जारी किए गए नए 100 नेपाली रुपये के नोट में भारत के विवादित क्षेत्रों लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को शामिल कर दिखाया गया है, जो गंभीर चिंता का विषय है। खेड़ा ने कहा कि यह बेहद हैरान करने वाला है। भारत सरकार को इस मुद्दे पर तुरंत और सख्त प्रतिक्रिया देनी चाहिए। समझदारी और दृढ़ता दोनों की ज़रूरत है।

नेपाल ने गुरुवार को नया एनपीआर 100 का नोट प्रचलन में ला दिया, जिसमें एक अद्यतन नक्शा छापा गया है। नेपाल राष्ट्र बैंक के अनुसार, नए नोट में "उन्नत सुरक्षा फीचर्स और पहचान चिह्न" शामिल किए गए हैं। इस डिज़ाइन को मई 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। नोटों की छपाई का ठेका चीन की चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन को सौंपा गया था। नेपाल ने 20 मई 2020 को एक संवैधानिक संशोधन पारित कर एक नया राजनीतिक नक्शा जारी किया था, जिसमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को नेपाली भूभाग के रूप में दर्शाया गया था। भारत उस समय भी इस दावे का जोरदार विरोध कर चुका है। पूर्व राजनयिक केपी फैबियन ने नेपाल से कहा कि संवेदनशील सीमा विवाद को इस तरह नोट पर मुद्रित करके नहीं सुलझाया जा सकता।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पंजाब कैबिनेट ने 12 महत्वपूर्ण श्रेणियों के 300 स्पेशलिस्ट डाक्टरों को सूचीबद्ध करने की सहमति दी

## लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करने के लिए उठाया कदम, माइनिंग सिस्टम को बेहतर बनाने पर मुहर

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब भर के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने 12 प्रमुख श्रेणियों के 300 स्पेशलिस्ट डाक्टरों को सूचीबद्ध करने की मंजूरी दे दी है।यह फैसला आज यहां मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया।

यह जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री दफ्तर के प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट ने 12 महत्वपूर्ण श्रेणियों अर्थात मैडीसिन, पीडियाट्रिक्स (बाल रोग विशेषज्ञ), साइकियाट्री (मनोरोग विशेषज्ञ), डर्मेटोलॉजी (त्वचा रोग विशेषज्ञ), चेस्ट एवं टी.बी. (छाती रोग विशेषज्ञ), सर्जरी, गायनेकोलॉजी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), ऑर्थोपेडिक्स (हड्डी रोग विशेषज्ञ), ऑफ्थल्मोलॉजी (नेत्र रोग विशेषज्ञ), ई.एन.टी. (कान, नाक, गला विशेषज्ञ) तथा एनेस्थीसियोलॉजी में 300 विशेषज्ञ



मुख्यमंत्री की बैठक



- समर न्यूज़

डाक्टरों को एम्पैनल करने का भी निर्णय लिया है। इस कदम से विशेषज्ञ डाक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी और पंजाब के लोगों को सकैंडरी स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। इन विशेषज्ञ डाक्टरों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया जिला स्तर पर सिविल सर्जनों के माध्यम से की जाएगी तथा एम्पैनल हुए डाक्टर ओ.पी.डी., आई.पी.डी., इमरजेंसी, बड़े-छोटे ऑपरेशन तथा अन्य विभिन्न सेवाओं के लिए प्रति मरीज एम्पैनलमेंट फीस लेने के हकदार होंगे।

**पंजाब को ऑपरेटिव सोसायटीज नियम, 1963 के तहत एकसमान अनुशासनात्मक एवं अपीलीय ढांचे को मंजूरी**

कैबिनेट ने पंजाब को-ऑपरेटिव सोसायटीज नियम, 1963 के अंतर्गत नियम 28ए यानी एकसमान अनुशासनात्मक एवं अपीलीय ढांचे को भी मंजूरी दे दी है। इससे अपील चैनलों की दोहरी प्रक्रिया रोकी जा सकेगी, एक ही बोर्ड या उसकी समितियों में परस्पर विरोधी निर्णयों से बचा जा सकेगा तथा अनुशासनात्मक कार्रवाइयों में कमांड की स्पष्ट लड़ी बनेगी। साथ ही यह सुनिश्चित होगा कि अपीलों की सुनवाई संस्था के भीतर केवल एक बार ही हो। यह एक स्पष्ट एकसमान ढांचे के तहत उचित प्रक्रिया सुनिश्चित करके तथा हर स्तर पर प्राधिकार को परिभाषित करके संस्थागत जवाबदेही को मजबूत करेगा और कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा में भी मदद करेगा। इससे पंजाब में सहकारी क्षेत्र के अंतर्गत कार्यरत सभी शीर्ष संस्थाओं एवं केन्द्रीय सहकारी बैंकों में एकरूपता आएगी।

**पंजाब माइनर मिनरल रूल्स 2013 में संशोधन को मंजूरी**

मंत्रिमंडल ने खनन सेवाओं को और अधिक कुशल, नागरिक-हितैषी तथा पारदर्शी बनाने के लिए पंजाब स्टेट माइनर मिनरल्स (संशोधन) पॉलिसी 2025 के अनुसार पंजाब माइनर मिनरल रूल्स, 2013 में संशोधन करने की भी अनुमति दे दी है। प्रदेश में आवंटित की जाने वाली क्रशर माइनिंग साइटों तथा भूमि मालिकों की माइनिंग साइटों के माइनिंग लीज धारकों को माइनिंग अधिकारों के आवंटन के लिए मौजूदा पंजाब माइनर मिनरल रूल्स 2013 में इन नए नियमों/संशोधनों को जोड़ने/बदलने की आवश्यकता थी।

# डॉ. अंबेडकर पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप पोर्टल 2025-26 के लिए 29 दिसंबर तक दोबारा खोला

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति (एस सी) के विद्यार्थियों को शैक्षिक सशक्तिकरण के माध्यम से मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार पूरी निष्ठा के साथ प्रयासरत है। यह बात सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कही।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया को और सुगम व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से डॉ. बी.आर. अंबेडकर पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप पोर्टल को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 29 दिसंबर तक पुनः खोल दिया गया है। योग्य विद्यार्थी अब अपनी आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकेंगे।

कैबिनेट मंत्री ने जानकारी दी कि सरकार ने वर्ष 2025-26 के दौरान 2.70 लाख छात्रों को इस योजना का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अब तक 2,49,620 विद्यार्थी पोर्टल पर आवेदन कर चुके हैं, जिनमें से 1,26,722 मामलों का सत्यापन किया जा चुका है। वर्तमान वर्ष में अब तक 19,871 विद्यार्थियों को राज्य सरकार के



डॉ. बलजीत कौर - समर न्यूज़

हिस्से की राशि जारी की जा चुकी है और शेष को भी शीघ्र भुगतान किया जाएगा।

योजना के तहत नए विद्यार्थियों को फ्री-शिप कार्ड जारी किए जा रहे हैं, जिनकी सहायता से वे निर्धारित नियमों के अनुसार ट्यूशन फीस में छूट प्राप्त कर मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। डॉ. बलजीत कौर ने दोहराया कि पंजाब सरकार अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सभी जिला अधिकारियों, शैक्षणिक संस्थानों और नोडल एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं कि अधिक से अधिक योग्य विद्यार्थियों तक इस योजना का लाभ पहुँचे और कोई भी पात्र विद्यार्थी स्कॉलरशिप से वंचित न रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

रेल, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री को स्टेशन के आधुनिकीकरण परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी। विस्तृत समीक्षा के बाद, अश्विनी वैष्णव ने चंडीगढ़ स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की प्रगति पर खुशी जताई। निरीक्षण के दौरान, रेलवे और फ़ूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज़ के राज्य मंत्री रवनीत सिंह, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे ।

चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर मीडिया



से बात करते हुए, अश्विनी वैष्णव ने कहा, चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड-क्लास स्टेशन के तौर पर पुनर्विकसित किया जा रहा है। कई इनोवेशन किए गए हैं, जिनमें से एक मॉड्यूलर डिज़ाइन है, जिसमें प्री-फैब्रिकेटेड डिज़ाइन का इस्तेमाल किया गया है। यह स्टेशन रूफ प्लाज़ा के ज़रिए पंचकूला और चंडीगढ़ शहर के दो सिरों को जोड़ेगा। स्टेशन को 462 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। काम तेज़ी से चल रहा है। टीम स्टेशन को तेज़ी से पुनर्विकसित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही है।" चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर इसका मकसद स्टेशन को विश्व-स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है।

चंडीगढ़ स्टेशन एक मुख्य गेटवे के तौर पर बहुत अहमियत रखता है, जो हिमाचल प्रदेश और पंजाब की प्रसिद्ध जगहों पर जाने वाले ज़्यादातर पर्यटकों और यात्रियों को सेवाएं प्रदान करता है।

तेज़ी से किए जा रहे इन प्रयासों का फोकस पैसेंजर सुविधाओं को बढ़ाना, कनेक्टिविटी में सुधार करना और एक मॉडर्न, आसान और कुशल ट्रैवल हब बनाना होगा जो शहर के प्लान किए गए आर्किटेक्चर को दिखाए और इसके उपयोगकत्ताओं की बढ़ती मांगों को पूरा करे। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने सेमी कंडक्टर लेबोरेटरी (SCL), मोहाली का इंस्पेक्शन किया। उन्होंने SCL में रिव्यू मीटिंग की। उन्होंने बताया कि SCL को 4500 करोड़ रुपये के निवेश से आधुनिक बनाकर विस्तार दिया जा रहा है। SCL लेटेस्ट टेक्नोलॉजी अपना रही है।

# बीमा धोखाधड़ी के लिए शव की जगह पुतला जलाने की कोशिश

## कर्ज चुकाने के लिए कर्मचारी की मौत का रचा नाटक, दो गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | हापुड़**

हापुड़ में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहाँ दिल्ली के दो व्यापारियों ने 50 लाख रुपये की बीमा राशि हड़पने के लिए मानव शव की जगह पुतले का अंतिम संस्कार करने की कोशिश की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गुरुवार की है, जब चार लोग हरियाणा रजिस्ट्रेशन वाली कार से ब्रिजघाट पहुंचे। उन्होंने अंतिम संस्कार से जुड़ी सामग्री खरीदी और चुपचाप 'लाश' को चिता पर रख दिया। लेकिन श्मशान घाट पर मौजूद नगर निगम कर्मचारी नितिन को उनका घबराया हुआ व्यवहार संदिग्ध लगा। उसने जब



चादर हटाई तो पाया कि चिता पर असली शव नहीं, बल्कि एक पुतला रखा हुआ था। उसने तुरंत अधिकारियों को सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी कार से तीन पुतले बरामद किए और दो आरोपियों—कमल सोमानी और उनके साथी आशीष खुराना, निवासी जैन कॉलोनी उत्तम नगर, दिल्ली—को गिरफ्तार कर लिया। दो अन्य आरोपी फरार हो गए। पूछताछ में टेक्सटाइल व्यापारी सोमानी ने कबूल किया कि उस पर 50 लाख रुपये का कर्ज है और वह लंबे समय से तनाव में था। सर्कल ऑफिसर सुत्ती सिंह ने बताया कि सोमानी ने योजना के तहत अपने कर्मचारी नीरज के भाई अंशुल के आधार और पैन कार्ड किसी बहाने से प्राप्त किए। लगभग एक वर्ष पहले उसने अंशुल के नाम पर 50 लाख रुपये की टाटा AIA बीमा पॉलिसी भी करवायी थी, जिसके प्रीमियम का भुगतान वह नियमित रूप से कर रहा था। योजना के अनुसार, अंशुल को शहर से बाहर भेजकर पुतले को उसकी 'लाश' बताकर अंतिम संस्कार करना, श्मशान की रसीद लेना, फिर मौत का प्रमाण पत्र बनवाना और उसके बाद बीमा दावा प्रस्तुत करना था। पुलिस ने सोमानी के फोन से प्रयागराज में मौजूद अंशुल को वीडियो कॉल की, जिसने बताया कि उसे इसकी कोई जानकारी नहीं थी। यह मामला बीमा धोखाधड़ी का है और पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# पंजाब में जिला परिषदों और पंचायत समितियों के चुनाव 14 दिसंबर को होंगे : राज कमल चौधरी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 209 के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 25.09.2025 के अनुसार राज्य चुनाव आयोग ने राज्य में जिला परिषद और पंचायत समिति के सदस्यों के सामान्य चुनावों की घोषणा कर दी है।

राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार इन चुनावों के लिए उम्मीदवार 01.12.2025 (सोमवार) को सुबह 11:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यालयों में नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 04.12.2025 (गुरुवार)



राज कमल चौधरी - समर न्यूज़

होगी। नामांकन पत्रों की जांच 05.12.2025 (शुक्रवार) को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 06.12.2025 (शनिवार) शाम 03:00 बजे तक होगी। सभी नामांकन पत्रों के साथ निर्धारित शपथ-पत्र तथा यदि उम्मीदवार किसी राजनीतिक दल द्वारा अधिकृत है, तो संबंधित राजनीतिक दल का आधिकारिक पत्र संलग्न होना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि मतदान 14.12.2025 (रविवार) को सुबह 08:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक बैलेट पेपर के माध्यम से होगा। पोल की गई वोटों की गिनती 17.12.2025 (बुधवार) को स्थापित गिनती केंद्रों पर की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह चुनाव 23 जिला परिषदों के 357 जोनों तथा 154 पंचायत समितियों के 2863 जोनों के सदस्यों (प्रति जोन 1 सदस्य) के लिए कराया जाएगा। कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 1,36,04,650 है, जिनमें 71,64,972 पुरुष, 64,39,497 महिलाएँ और 181 अन्य मतदाता शामिल हैं। इन चुनावों के लिए सभी ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करते हुए कुल 19,181 बूथ स्थापित किए गए हैं।

अन्य विवरण साझा करते हुए उन्होंने बताया कि आयोग ने जिला परिषद उम्मीदवार के लिए व्यय सीमा 2,55,000/रुपए तथा पंचायत समिति उम्मीदवार के लिए 1,10,000/रुपए निर्धारित की है।

उन्होंने कहा कि लगभग 96,000 कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा। प्रत्येक जिले में चुनावों की सुव्यवस्थित निगरानी के लिए एक आईएएस/सीनियर पीसीएस अधिकारी को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा।

आयोग ने इन चुनावों को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही संबंधित जिला परिषदों और पंचायत समितियों के अधीन आने वाली सभी ग्राम पंचायतों के राजस्व क्षेत्र में आदर्श चुनाव आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। यह आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहेगी। आचार संहिता की प्रति आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# अमृतसर में ट्रैवल एजेंट ने 7.50 लाख ठगे सिंगापुर पहुंचने पर अगले ही दिन की गई डिपोर्ट

**समर न्यूज़ | अमृतसर**

अमृतसर की एक युवती सिंगापुर स्टडी बेस वीजा लगवाने के चक्कर में ठगी का शिकार हो गई। एक एजेंट ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर 7.5 लाख रुपए ठग लिए और फर्जी वीजा पकड़ा दिया। जब युवती सिंगापुर पहुंची तो इमिग्रेशन जांच में वीजा फर्जी निकला और वहां की पुलिस ने उसे अगले ही दिन डिपोर्ट कर दिया। पीड़िता के मुताबिक, गोल्डन गेट के पास स्थित एजेंट के पास उन्होंने डेढ़ साल पहले फाइल लगवाई थी। फाइल लगवाने के बाद लगातार उन्हें चक्कर लगवाए गए और फिर वीजा दे दिया गया। फिर जब टिकट की बात की तो फिर से उसे चक्कर लगवाए जाते। जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत की। पीड़िता सिमरजीत कौर निवासी रजधान ने बताया कि शुरुआत में उनसे 5.50 लाख रुपए लेकर नकली



पीड़िता सिमरजीत कौर - समर न्यूज़

वीजा दिया। जब उसने मामले की शिकायत पुलिस से की, तो पुलिस ने मामला दबाकर एजेंट के साथ समझौता करवा दिया। पुलिस ने कहा कि उन्हें एक मौका दिया जाए और वो इस बार उन्हें सिंगापुर भेज देंगे। मार्च में उनका राजीनामा हुआ था। जिसके बाद 13 नवंबर को उन्हें सिंगापुर भेजा गया था। वहां जाकर उन्हें समझ आया कि उनका वीजा नकली है। सिंगापुर इमिग्रेशन ने नकली वीजा देखते ही युवती को हिरासत में लिया और अगले दिन वापस भारत भेज दिया। लड़की ने बताया कि उसने वहां पहुंच कर कई बार एजेंट को फोन किया लेकिन उसने फोन उठाना बंद कर दिया। वहां भी उनकी जान पहचान वाला कोई नहीं था जिससे मदद मांगी जा सकती। पहले एजेंट ने 5.50 लाख लिए थे, फिर से वीजा के लिए 2 लाख और ले लिए। पीड़िता रंगरेटे सिंह सभा पंजाब के सदस्यों जोगा सिंह वडाला के साथ SSP अमृतसर (देहात) के ऑफिस पहुंची और एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सभा के सदस्यों ने बताया कि गोल्डन गेट स्थित जीके टूर एंड ट्रैवल में रवींद्र सिंह ने उनके साथ ठगी की। पुलिस ने भी उनका साथ दिया क्योंकि तभी उसने दुबारा से उसे नकली वीजा थमा दिया।उन्होंने कहा कि अगर पंजाब पुलिस ने समय पर सही कार्रवाई की होती, तो युवती को यह मुसीबत न झेलनी पड़ती। SSP देहात कासिम मीर ने इस मामले में उन्हें आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर एजेंट के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पंजाब में IPS और PPS अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले, DGP ने जारी किए आदेश

**समर न्यूज़ | पंजाब**

पंजाब पुलिस विभाग में शुक्रवार को डीजीपी गौरव यादव के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल किया गया। इसमें कुल 3 IPS और 15 PPS अधिकारियों के तबादले किए गए, जिन्हें तुरंत प्रभाव से अपने नए पदों पर कार्यभार संभालने का आदेश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस बदलाव का उद्देश्य पुलिस विभाग की कुशलता और कार्यकुशलता को बढ़ाना है। IPS अधिकारियों के तबादलों की बात करें तो सुरिंदरजीत सिंह मांड को डीआईजी जेल का पद सौंपा गया है, जबकि कंवलदीप सिंह को पंजाब में AIG क्राइम के रूप में तैनात किया गया है, जो चंडीगढ़ की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसी तरह, परमबीर सिंह परमार को AIG लॉ एंड ऑर्डर-II बनाया गया है, जो पंजाब में कानून-व्यवस्था की व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे।PPS अधिकारियों के तबादलों में लुधियाना में जसकिरनजीत सिंह को DCP ग्रामीण, जबकि जशनदीप सिंह गिल को ADCP-IV का जिम्मा दिया गया है। पटियाला में




अजय राज सिंह को सहायक कमांडेंट, 1st IRB नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, विभिन्न जिलों और विभागों में SP इन्वेस्टिगेशन, SP ऑपरेशन, और कमांडेंट जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कई अधिकारियों को तैनात किया गया है।फिरोजपुर में धर्मवीर सिंह को SP हेडक्वार्टर बनाया गया है, वहीं अमृतसर, पटियाला, कपूरथला, श्री मुक्तसर साहिब, होशियारपुर, खन्ना, तरनतारन, बटाला, चंडीगढ़ और SAS नगर के विभिन्न पदों के लिए भी काबिल अधिकारियों की नई नियुक्तियां की गई हैं।यह प्रशासनिक बदलाव पंजाब पुलिस के संचालन को मजबूत करने और कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार लाने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तत्काल नए पदों पर कार्यभार ग्रहण करें और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन मजबूती से करें।

**विस्तृत चर्चा**

## राजदूतों ने राज्य की सक्रिय पहल की सराहना की, निवेश, व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग पर हुई विस्तृत चर्चा

# पंजाब ने जी.सी.सी. और सी.आई.एस. राजदूतों के साथ वैश्विक साझेदारी के ताने-बाने किए मजबूत

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

6वें प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट (पी पी आई एस )–2026 से पहले की अंतरराष्ट्रीय पहल के तहत पंजाब सरकार ने आज नई दिल्ली में खाड़ी सहयोग परिषद (जी सी सी) देशों और स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रमंडल (सी आई एस) क्षेत्र के राजदूतों के साथ दो गोलमेज़ बैठकें आयोजित कीं।

इन बैठकों की अध्यक्षता उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली तथा प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री संजीव अरोड़ा ने की। इन बैठकों में विभिन्न देशों के राजदूतों, वरिष्ठ कूटनीतिक प्रतिनिधियों, विदेश मंत्रालय (एम ई ए ) के अधिकारियों तथा पंजाब सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। दोनों बैठकें के.के. यादव, आई ए एस, प्रशासकीय सचिव, निवेश प्रोत्साहन विभाग के स्वागत भाषण से प्रारंभ हुईं। इसके बाद एडवांटेज पंजाब प्रस्तुति दी गई, जिसमें राज्य के सशक्त औद्योगिक वातावरण, निवेश-तैयार बुनियादी ढांचे, नीतिगत सुधारों तथा कृषि, कृषि-तकनीक, फूड प्रोसेसिंग, आईटी, स्वास्थ्य सेवाओं और विनिर्माण में उभरते अवसरों का विस्तृत विवरण दिया गया।

जी सी सी गोलमेज़ बैठक में कुवैत, ओमान, कतर और बहरीन के राजदूतों ने भाग लिया, जो पंजाब के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करने के लिए जी सी सी ब्लॉक की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राजदूतों ने पंजाब की प्रस्तुति की सराहना की और कहा कि विश्वस्तरीय बंदरगाहों, मजबूत लॉजिस्टिक्स प्रणालियों तथा अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका के साथ व्यापक वैश्विक संपर्क के कारण जी सी सी क्षेत्र पंजाब और भारत के लिए एक प्रमुख निर्यात द्वार बन सकता है। उन्होंने पंजाब की विनिर्माण क्षमता, कुशल मानव संसाधन, उद्यमशीलता और जी सी सी की आर्थिक विविधता के बीच मजबूती से जुड़ने वाली समानताओं का उल्लेख किया।

सी आई एस गोलमेज़ बैठक में



राजदूतों की गोलमेज़ बैठक - समर न्यूज़

कज़ाकिस्तान, रूस, आर्मेनिया और बेलारूस के राजदूतों ने हिस्सा लिया। इन देशों ने पंजाब के साथ दीर्घकालिक साझेदारी को मजबूत करने में गहरी रुचि दिखाई।

कज़ाकिस्तान के राजदूत ने शिक्षा, पर्यटन और संस्कृति, तथा व्यापार और निर्यात को सहयोग के तीन प्रमुख स्तंभ बताते हुए पंजाब की मजबूत अकादमिक संस्थाओं, आधुनिक कृषि पद्धतियों और समृद्ध पर्यटन संभावनाओं की प्रशंसा की।

रूसी संघ के राजदूत ने पंजाब के साथ कृषि व्यापार विशेषकर चावल और टमाटर उत्पादों को बढ़ाने की विशाल संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे, पेट्रो-केमिकल, फिनटेक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एयरोस्पेस, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में सहयोग की संभावनाएं भी उजागर कीं। उन्होंने भारत-रूस राष्ट्रीय स्तर सहयोग मंच में पंजाब की भागीदारी का स्वागत किया।

आर्मेनिया के राजदूत ने सी आई एस देशों तक पंजाब की सक्रिय पहुंच की प्रशंसा की और कृषि-तकनीक, डेयरी, आईटी सेवाओं तथा नवीकरणीय ऊर्जा में साझेदारी की इच्छा जताई। उन्होंने पर्यटन प्रबंधन, कौशल विकास, लोगों के बीच संपर्क, वार्षिक सांस्कृतिक त्योहारों तथा विश्वविद्यालय-स्तरीय सहयोग की महत्ता पर भी बल दिया।

बेलारूस के राजदूत ने पंजाब सरकार को सी आई एस क्षेत्र के साथ सीधे सहयोग की पहल शुरू करने के लिए बधाई दी और कृषि शिक्षा तथा कृषि मशीनरी निर्माण में बेलारूस की विशेषज्ञता का उल्लेख किया। उन्होंने पंजाब के उद्योग जगत और सरकार को जून 2026 में होने वाली बेलारूस की वार्षिक कृषि प्रदर्शनी में भाग लेने का निमंत्रण दिया, जो बी 2बी मीटिंग और प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए उपयुक्त मंच है।

अपने संबोधन में मंत्री संजीव अरोड़ा ने पंजाब के प्रगतिशील सुधारों—जैसे बिजनेस राइट्स एक्ट और उन्नत फास्ट-ट्रैक पंजाब सिंगल-विंडो सिस्टम—पर प्रकाश डाला, जो आज भारत का सबसे आधुनिक डिजिटल निवेश प्लेटफॉर्म है। उन्होंने जी सी सी और सी आई एस देशों के प्रतिनिधियों को पंजाब को विनिर्माण और सेवाओं के लिए पहली पसंद बनाने तथा इन्वेस्ट पंजाब के माध्यम से क्षेत्र-विशेष सहयोग को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

चर्चा के दौरान कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने जी सी सी और सी आई एस देशों के राजदूतों तथा व्यापारिक प्रतिनिधियों को प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 में शामिल होने और कृषि, कृषि-तकनीक, डेयरी, आईटी सेवाएं, शिक्षा, पर्यटन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में निवेश अवसरों का लाभ उठाने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया।

इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री ने सभी देशों के प्रतिनिधियों को पंजाब के सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व वाले स्थलों का दौरा करने के लिए भी आमंत्रित किया तथा यह भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार निवेश-अनुकूल नीतियां, समयबद्ध अनुमतियां और वैश्विक स्तर का प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक वातावरण प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

समर प्राइम 3
www.summerexpress.in
समर एक्सप्रेस
29 नवंबर 2025

# नया लेबर कोडः फुल एंड फाइनल सेटलमेंट, लीव इनकैशमेंट और सैलरी स्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव

### ▪ कर्मचारियों पर सीधा असरः पीएफ, ग्रेच्युटी, फिक्स्ड टर्म नौकरी और टैक्स ढांचे में व्यापक परिवर्तन

**अक्षय जाधव | मोहाली**
**समर न्यूज़**

नई श्रम संहिताओं के लागू होने के बाद देशभर के कर्मचारियों और कंपनियों के वेतन ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेंगे। फुल एंड फाइनल सेटलमेंट, लीव इनकैशमेंट, पीएफ और ग्रेच्युटी सहित कई प्रावधानों की गणना अब नए नियमों के तहत होगी। सरकार द्वारा लागू चार लेबर कोड भारतीय रोजगार प्रणाली में पिछले कई दशकों का सबसे बड़ा सुधार माने जा रहे हैं।

**वेतन संरचना में सबसे बड़ा परिवर्तन...**

नए लेबर कोड में वेतन की परिभाषा पूरे देश में एक समान कर दी गई है। अब किसी भी कर्मचारी की कुल सैलरी का कम से कम 50% हिस्सा मूल वेतन और डीए माना जाएगा। जिन कर्मचारियों की तनख्वाह में भत्तों की मात्रा अधिक है, उनके पैकेज में मूल वेतन स्वतः बढ़ जाएगा। इससे पीएफ योगदान और अन्य वैधानिक कटौतियां बढ़ेंगी, जिसके कारण कर्मचारियों की इन-हैंड सैलरी कम हो सकती है। यदि कंपनियां सीटीसी को वही रखती हैं, तो कर्मचारियों का नेट पे कम होगा। वहीं, अगर कंपनियां कर्मचारियों को पहले जितना इन-हैंड वेतन देना चाहें, तो उन्हें अपनी लागत बढ़ानी पड़ेगी।




#### पीएफ और रिटायरमेंट बचत पर प्रभाव

नई श्रम संहिताओं के चलते पीएफ की गणना विस्तृत वेतन पर की जाएगी, जिससे कर्मचारियों का पीएफ योगदान बढ़ेगा। इससे दीर्घकालीन रिटायरमेंट सेविंग में वृद्धि निश्चित है। जिन कर्मचारियों का बेसिक पहले ही 15 हजार से अधिक है, उनके लिए प्रभाव सीमित रहेगा, क्योंकि वे वर्तमान में भी उच्च पीएफ श्रेणी में आते हैं। कर्मचारी स्वैच्छिक पीएफ का विकल्प अपनाकर अपनी रिटायरमेंट सेविंग और बढ़ा सकते हैं।

#### ग्रेच्युटी में बड़ा फायदा

ग्रेच्युटी की गणना अब विस्तृत बेसिक संरचना पर की जाएगी, जिससे इसकी राशि बढ़ेगी। बोनस, परफॉर्मेंस कंपोनेंट या अन्य भत्तों को वेतन में शामिल करने पर ग्रेच्युटी राशि पहले की तुलना में काफी अधिक हो सकती है। लंबे समय से नौकरी कर रहे कर्मचारियों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा।

#### फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत

नई संहिताओं में पहली बार फिक्स्ड टर्म रोजगार को स्थायी कर्मचारियों जैसा दर्जा दिया गया है। पहले ग्रेच्युटी के लिए पांच वर्ष की सेवा अनिवार्य थी, मगर अब एक वर्ष की नौकरी पर भी ग्रेच्युटी मिलेगी। पीएफ सहित अन्य सभी लाभ स्थायी कर्मचारियों के समान होंगे। इससे अनुबंध आधारित नौकरियों में स्थिरता बढ़ेगी और कर्मचारी पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे।

#### टैक्स देनदारी पर प्रभाव

हालांकि लेबर कोड टैक्स कम करने के उद्देश्य से नहीं बनाए गए हैं, लेकिन वेतन संरचना बदलने से टैक्स पर अप्रत्यक्ष असर होगा। बेसिक वेतन बढ़ने से एचआरए और 80C जैसे प्रावधानों का लाभ अलग तरह से प्रभावित होगा। पुरानी टैक्स व्यवस्था में पीएफ बढ़ने से टैक्स बचत मिल सकती है। वहीं, नई टैक्स व्यवस्था में छूटें सीमित होने के कारण इन-हैंड सैलरी पर अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

#### कंपनियों के लिए लागू करने की चुनौती

नए नियम लागू होते ही कंपनियों को वेतन, पीएफ, ग्रेच्युटी और अन्य वैधानिक बिंदुओं की पुनर्गणना करनी होगी। ऑफर लेटर, सैलरी स्लिप और सीटीसी स्ट्रक्चर पुनः तैयार करने की जरूरत पड़ेगी। शुरुआती महीनों में भ्रम की स्थिति बन सकती है। कर्मचारियों को सलाह दी जा रही है कि टैक्स व्यवस्था बदलने में जल्दबाजी न करें, बल्कि नई संरचना को समझकर ही निर्णय लें।

## मैं बोलूंगा तो...

### बेंगलुरु की कैबः गाड़ी कम, आचार संहिता ज्यादा



*समर न्यूज | शिमला*

*बेंगलुरु की सड़कें वैसे ही ट्रैफिक, बारिश, ऐप क्रैश और स्टार्टअप्स के मोटीवेशनल कोट्स से त्रस्त थीं—अब एक नई मुसीबत आ गई है। एक कैब ड्राइवर ने अपनी गाड़ी को चलती-फिरती संसद बनाकर उसमें संविधान ले आया है। नोटिस बोर्ड ऐसे चिपकाए हैं जैसे वह कार नहीं, किसी पुराने जमाने का हॉस्टल वार्डन हो जिसकी आत्मा पुनर्जन्म लेकर ओला में नौकरी कर रही हो।*

***पहला नियमः-***

*कार का दरवाजा जोर से मत बंद करें।"*

*लगता है ड्राइवर को अपनी कार से भावनात्मक लगाव कुछ ज्यादा ही है। वह मानता है कि दरवाजा जोर से बंद होते ही कार आहत हो जाती है। बेंगलुरु ट्रैफिक पहले ही कारों को पीटीएसडी दे चुका है—अब अगर किसी ने हल्का-सा थपाका मार दिया, तो कार शायद इस्तीफा देकर पैदल चलने लग जाए। ड्राइवर का अनुरोध हैः "दरवाजा धीरे से बंद करें, यह मेरी कार नहीं, मेरा आत्मसम्मान है।"*

***दूसरा नियम :-***

*ड्राइवर को भइया मत कहें।"*

*कारण?*

*पिछली बार एक यात्री ने प्यार से 'भइया' कहा था और किराया दिए बिना ही हवा में विलीन हो गया। अब ड्राइवर को किसी रिश्तेदारी में दिलचस्पी नहीं। आप चाहे 'सर' कहें, 'बॉस' कहें, 'कर्मयोगी' कहें या गर्मी में पिघलते हुए 'कैब महाराज' भी कह दें—बस भइया मत कहिए।*

*कहते हैं, ड्राइवर ने भावनात्मक दूरी बनाए रखने के लिए यह नियम बनाया है, नहीं तो लोग 'भइया' बोलकर उसे Uber का मुफ्त वौचर समझ लेते हैं।*

*तीसरा नियमः-*

*"एटिट्यूड को जेब में रखें।"*

*मतलब यह कैब है, शार्क टैंक नहीं। यहाँ आपके स्टार्टअप के वैल्यूएशन का कोई लेना-देना नहीं। यहाँ सिर्फ तीन चीजें मान्य हैं—बैग, धैर्य और GPS का मौन दुख। अगर एटिट्यूड दिखाना ही है तो को-वर्किंग स्पेस में जाकर दिखाएं, जहाँ लोग अपनी खुद की कुर्सी तक घर से लाते हैं।*

*सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि यह ड्राइवर तो "कैब शिष्टाचार का कोचिंग सेंटर" ही खोल सकता है।*

*कुछ ने सुझाव दिया कि अगले* ***बोर्ड में लिखेः***

*टिप न दो, कोई बात नहीं पर कम से कम झूठी मुस्कान तो दे जाओ।*

*बेंगलुरु की कैब अब सिर्फ चलती नहीं—नियमों की सीट बेल्ट बांधकर, यात्रियों को चरित्र निर्माण का कोर्स करवाती हुई आगे बढ़ती है।*

*कहना पड़ेगा—अब शहर में गाड़ी पकड़ना आसान है, ड्राइवर की भावनाएं समझना मुश्किल!*

*#bengaluru #cabdriver #Rules #bepolite #Passengers #MainBolungaTo #SummerExpress #SummerNews #BakwaasBulletin #SatireShots #FakeSeriousNews*

## Good DAY

*समर न्यूज़ | लुधियाना*



*लुधियाना की प्रगति और खुशहाली के लिए आप सभी का सहयोग अमूल्य है। शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर बनाने की हमारी सामूहिक यात्रा में आपका विश्वास और सहभागिता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।*

*हम सब मिलकर लुधियाना को एक आधुनिक, हरित और नागरिक-हितैषी शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। आने वाले दिनों में भी शहर के विकास कार्यों, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और जनसहभागिता को और मजबूत करने पर हमारा पूरा ध्यान रहेगा। मैं सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देता हूं कि आपका आज का दिन ऊर्जा, सकारात्मकता और नए अवसरों से भरा रहे। मैं आशा करता हूँ कि आपका दिन खुशियों, सफलता और नए संकल्पों से भरा रहे। मिलकर हम लुधियाना को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप एक स्मार्ट और समृद्ध शहर बनाएँगे। आइए, मिलकर अपने शहर को नई ऊंचाइयों की ओर ले चलें।*

***राकेश पराशर, सीनियर डिप्टी मेयर लुधियाना***

# फंडिंग का रिकॉर्ड सामनेः वैष्णो देवी मेडिकल संस्थान 'केवल भक्तों के दान' पर नहीं चलता

### दस्तावेज़ों से खुलासाः 2017 से अब तक 121 करोड़ रुपये की सहायता

**समर न्यूज़ | श्रीनगर**

श्री माता वैष्णो देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस को लेकर दक्षिणपंथी संगठनों के कई दावे अब सरकारी दस्तावेज़ों से खारिज होते दिख रहे हैं। भाजपा और उससे जुड़े समूह यह कहते रहे कि संस्थान बिना सरकारी फंडिंग और सिर्फ हिंदू श्रद्धालुओं के दान से संचालित होता रहा है, लेकिन बजट दस्तावेज़ स्पष्ट संकेत देते हैं कि संस्थान का प्रबंधन करने वाला श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय (एसएमवीडीयू) 2017-18 से लगातार जम्मू-कश्मीर सरकार से अनुदान प्राप्त कर रहा है।

रिकॉर्ड बताते हैं कि 2017-18 में 10 लाख रुपये से शुरू हुआ वार्षिक अनुदान 2019-20 में बढ़कर 5 करोड़ रुपये हो गया—ठीक उसी समय जब राज्य का विशेष दर्जा समाप्त किया गया और जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। इसके बाद भी फंडिंग लगातार बढ़ती रही। 2020-21 में 19.70 करोड़ रुपये का अनुदान मिला, 2021-22 में 21 करोड़, 2022-23 में 23 करोड़ और 2023-24 तथा 2024-25 में 24-24 करोड़ रुपये। चालू वित्तीय वर्ष के लिए 28 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। इस तरह कुल सरकारी अनुदान 121.30 करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है।यह वही अवधि है, जब भाजपा नेताओं और हिंदुत्व समूहों ने संस्थान में MBBS की 50 सीटें केवल हिंदू छात्रों के लिए आरक्षित करने की मांग तेज की। इन संगठनों ने दावा किया कि चूंकि संस्थान 'दान आधारित' है, इसलिए सीटें केवल हिंदुओं के लिए राखी जाएं। परंतु दस्तावेज़ दिखाते हैं कि संस्थान सार्वजनिक धन से संचालित विश्वविद्यालय के अधीन है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान घोषित नहीं किया जा सकता। दक्षिणपंथी समूहों ने हाल ही में संस्थान पर दबाव डालते हुए 42 मुस्लिम छात्रों को निष्कासित करने की मांग भी रखी, जबकि ये छात्र NEET मेरिट पर चयनित हुए थे। इसके बाद भाजपा नेताओं ने उपराज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर सीट आरक्षण की मांग दोहराई। इस कदम की क्षेत्रीय दलों ने तीखी आलोचना की।मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि यदि भाजपा को संस्थान को 'अल्पसंख्यक संस्थान' बनाना था तो इसे स्थापित करते समय ऐसा क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह NEET मेरिट पर आधारित है, धर्म पर नहीं। अब्दुल्ला ने यह भी याद दिलाया कि जब मुसलमानों पर संकीर्णता का आरोप लगाया जाता है, तो यह तथ्य भी याद रखना चाहिए कि यह विश्वविद्यालय वर्षों से सरकारी सहायता प्राप्त कर रहा है।

संविधान के अनुच्छेद 30 के तहत केवल वही संस्थान अल्पसंख्यक दर्जा पा सकते हैं, जिन्हें किसी मान्यता प्राप्त धार्मिक/भाषायी अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा स्थापित व संचालित किया गया हो। एसएमवीडी विश्वविद्यालय न तो मुस्लिम संस्थान है, न ही किसी अल्पसंख्यक समुदाय का स्वामित्व—बल्कि यह श्राइन बोर्ड की भूमि पर बना एक सामान्य विश्वविद्यालय है, जिसे केंद्र व राज्य सरकार अनुमोदित करती रही हैं।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता तनवीर सादिक ने कहा कि सरकारी फंडिंग स्वयं इस बात का प्रमाण है कि संस्थान सिर्फ दान पर नहीं चलता। उन्होंने कहा, "जब सार्वजनिक धन शामिल हो, तब केंद्र शासित प्रदेश के हर नागरिक को वहां समान अधिकार मिलना चाहिए।"

# जम्मू-कटड़ा रूट पर कई ट्रेन सेवाएं फिर से पटरी पर लौटीं

**कमलेश शर्मा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**




वैष्णो देवी यात्रा के लिए आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। उत्तर रेलवे ने कटड़ा और जम्मूतवी के बीच बंद पड़ी कई ट्रेनों को दोबारा शुरू करने का फैसला किया है। बीते अगस्त में भारी बारिश और बाढ़ के कारण रेल मार्गों को काफी नुकसान हुआ था, जिसे अब चरणबद्ध तरीके से ठीक किया जा रहा है।

रेलवे प्रवक्ता द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ट्रेन संख्या 14662 जम्मूतवी–बाड़मेर एक्सप्रेस 30 नवंबर तक बंद रहेगी और 1 दिसंबर से पुनः चलाई जाएगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 14661 बाड़मेर–जम्मूतवी एक्सप्रेस 3 दिसंबर तक रद्द रहेगी तथा 4 दिसंबर से इसका संचालन फिर से शुरू होगा।

22462 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस 30 नवंबर तक बंद रहेगी, और 1 दिसंबर से दोबारा चलेगी।

22461 नई दिल्ली–कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस 1 दिसंबर तक रद्द रहेगी और 2 दिसंबर से पटरी पर लौटेगी।

74907 पठानकोट–ऊधमपुर डीएमयू पैसेंजर 30 नवंबर तक बंद रहेगी और 1 दिसंबर 2025 से फिर शुरू होगी। 74906 ऊधमपुर–पठानकोट डीएमयू पैसेंजर 1 दिसंबर तक बंद रहेगी और 2 दिसंबर से नियमित संचालन में लौट आएगी। इन सेवाओं के बहाल होने से विशेष रूप से जम्मूतवी बाड़मेर, कटड़ा–नई दिल्ली वंदे भारत, पठानकोट–शहीद कैप्टन तुषार महाजन और अन्य मार्गों पर यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। रेलवे प्रवक्ता के मुताबिक ट्रैक की सुरक्षा सुनिश्चित होने के बाद इन ट्रेनों को दोबारा चलाने की अनुमति दी गई है। यह सातवां चरण है, इससे पहले छह चरणों में और भी कई ट्रेनें पुनः शुरू की जा चुकी हैं।

रेल मंडल ने यह भी कहा है कि अन्य ट्रेनों का संचालन भी धीरे-धीरे सामान्य किया जाएगा। यात्रियों से अपील की गई है कि किसी असुविधा से बचने के लिए उत्तर रेलवे की वेबसाइट, अधिकारी हेल्पलाइन या ऐप पर ट्रेन टाइमिंग अवश्य देखने के बाद ही सफर पर निकलें।

## नया भारत नहीं झुकेगा, सुदर्शन चक्र से होगा शत्रुओं का संहार : पीएम मोदी

**समर न्यूज | उडुपी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने को कर्नाटक के उडुपी स्थित श्री कृष्ण मठ में लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नए भारत की शक्ति, विश्वास और अटूट संकल्प का संदेश दिया।

राष्ट्रीय सुरक्षा पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत अपनी रक्षा क्षमताओं को लेकर पूरी तरह सजग और सक्षम है। उन्होंने हाल के ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि "नए भारत का सुदर्शन चक्र अपने शत्रुओं का विनाश कर देता है।" उन्होंने यह भी कहा कि पहले जब देश पर आतंकवादी हमले होते थे तो सरकारें चुप रह जाती थीं, लेकिन अब भारत किसी भी परिस्थिति में अपने नागरिकों की सुरक्षा से समझौता नहीं करता। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, "तीन दिन पहले ही मैं गीता की धरती कुरुक्षेत्र में था, और आज श्री कृष्ण और जगद्गुरु माधवाचार्य जी की इस पावन भूमि में आना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य का क्षण है।" उन्होंने कहा कि एक लाख लोगों द्वारा एक साथ गीता के श्लोकों का पाठ करना भारत की हजारों वर्षों पुरानी अध्यात्मिक परंपरा की विराट दिव्यता का साक्षात रूप है।

मोदी ने कहा कि कर्नाटक, विशेषकर उडुपी, हमेशा से उनके हृदय के करीब रहा है। गुजरात में जन्म लेने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात और उडुपी के बीच एक गहरा आध्यात्मिक संबंध है। परंपरा के अनुसार, उडुपी में स्थापित श्री कृष्ण की प्रतिमा की पूजा पहले द्वारका में माता रुक्मिणी करती थीं, जिसे बाद में जगद्गुरु माधवाचार्य जी यहां लाए। प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष वे समुद्र के भीतर द्वारका के दर्शन भी कर चुके हैं और आज इस प्रतिमा के दर्शन ने उन्हें गहरा आध्यात्मिक आनंद दिया।

उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा नीति का मूल विचार "वसुधैव कुटुंबकम" और "धर्मो रक्षति रक्षितः" दोनों में संतुलन बनाए रखना है। लाल किले से श्रीकृष्ण की करुणा का संदेश देने और वहीं से मिशन सुदर्शन चक्र की घोषणा करने का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री कृष्ण हमें कल्याण, करुणा और न्याय तीनों का संतुलित मार्ग बताते हैं। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश युद्धभूमि में दिया गया था और यह सिखाता है कि शांति की स्थापना तभी संभव है जब अत्याचार का अंत हो।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

### कम पानी, अधिक पोषण और जलवायु-स्मार्ट फसल होने के कारण किसानों व नीति-निर्माताओं में उत्साह

# जल संकट, बढ़ता तापमान और मिट्टी की थकान इन सबका हल बन सकता है बाजरा

**गुरशरण सिंह | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

संयुक्त राष्ट्र संघ ने साल 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष निर्धारित किया था। ऐसे में बाजरा और बाजरा-आधारित उत्पाद व रेडी-टू-ईट श्रेणी सहित मूल्य श्रृंखला को बढ़ावा देने और मजबूत करने की आवश्यकता है। बाजरा को अत्याधिक पोषण और सेहतमंद के साथ जलवायु-स्मार्ट फसल के रूप में तेजी से पहचान मिल रही है।

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना के प्लांट ब्रीडिंग एंड जेनेटिक्स विभाग की मिलेट ब्रीडर डॉ रुचिका भारद्वाज कहती हैं कि "स्वास्थ्य खाद्य पदार्थों के रूप में 'सुपर ग्रेन' का उपयोग करते हुए, इकोलॉजिकल संतुलन और आबादी की स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार के लिए बाजरा की खेती को मुख्यधारा में लाने के लिए कठोर प्रयासों की आवश्यकता है। उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करके घरेलू खपत बढ़ाने के अलावा, पोषक अनाज उगाने और खरीदने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। किसानों को बाजरा उगाने की तकनीक और उनकी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करने की जरूरत है।

भारतीय उपमहाद्वीप में बाजरा सदियों से उगाया और खाया जाने वाला एक पारंपरिक अनाज है। इन्हें इनके बीज के आकार के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। मुख्यतः बाजरा में ज्वार और बाजरा शामिल हैं; इसके अलावा रागी, कंगनी, स्वंक, कोदरा, संवतके चावल, छेना और हरी कंगनी प्रमुख हैं।

#### बाजरा ही पंजाब के जल संकट का समाधानः किसान गुरमुख सिंह



*गुरदासपुर जिले के रंगीलपुर गांव के किसान गुरमुख सिंह एनजीओ खेती विरासत मिशन के सदस्य हैं, वे पिछले पांच साल से बाजरे की खेती कर रहे हैं। उनका कहना है कि पंजाब की प्रमुख कृषि समस्याओं का समाधान ही बाजरा की खेती है। पंजाब में जल संकट एक गंभीर मसला है क्योंकि चावल की खेती के कारण यहां जल स्तर में भारी गिरावट आई है। चावल की तुलना में बाजरा में 1 किलो अनाज पैदा करने के लिए बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है। 46 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी बाजरे को आसानी से उगा सकते हैं। गुरमुख का कहना है कि बाजरा को फसल विविधीकरण कार्यक्रम का एक प्रमुख तत्व बनाया जाना चाहिए। गुरमुख बाजरे के बीज इस शर्त पर वितरित करते हैं कि किसान इससे जैविक रूप से फसल उगाएगा। गुरमुख कहते हैं कि बाजरा की भूसी हटाना एक और चुनौती है, क्योंकि पंजाब में बहुत कम मशीनें उपलब्ध हैं। डॉ भारद्वाज कहती हैं कि मोनोकल्चर को तोड़ने और भोजन, स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ मिट्टी के स्वास्थ्य रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए बाजरा की खेती के पुनरुद्धार की जरूरत है। आबोहवा बदलाव के बीच बहुमुखी बाजरा टिकाऊ कृषि के लिए एक विकल्प प्रदान करता है। बाजरा, जिसे 'पोषक-अनाज/वंडर ग्रेन/सुपर ग्रेन' के रूप में भी जाना जाता है। ये अत्यधिक पौष्टिक, गैर-चिपचिपा और आहार फाइबर में समृद्ध हैं। इसमें कई पोषक तत्व और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले गुण होते हैं।*

#### रोगियों के लिए पौष्टिक बाजरा



*पीएयू के खाद्य और पोषण विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नीरजा सिंगला ने बताया कि बाजरा आधारित उत्पादों का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो कार्बोहाइड्रेट की धीमी रिहाई और ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करता है। इस प्रकार, मधुमेह रोगियों के लिए बाजरा पोषण का एक बहुत अच्छा स्रोत है। बाजरा ग्लूटेन मुक्त होता है और सीलिएक रोगियों के लिए ग्लूटेन युक्त अनाज या गेहूं का विकल्प हो सकता है। सुनिश्चित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और सार्वजनिक खरीद पंजाब में गेहूं और धान के अलावा अन्य फसलों के लिए लगभग न के बराबर है। इसलिए राज्य के किसान फसल विविधीकरण का विकल्प चुनने से हिचक रहे हैं। बाजरा समेत कई फसलों के लिए एमएसपी की घोषणा की गई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। लुधियाना जिले के गांव मिलकवाल के एक किसान रामिंदर सिंह कहते हैं, " इन फसलों को अपनाने में बड़ी बाधा बाजरा की मांग और बाजार क्षमता की कमी है, जिससे बुनियादी ढांचे की कमी के कारण उपज बर्बाद हो जाती है।*

# ऑपरेशन ट्रैकडाउनः हरियाणा पुलिस ने 6011 अपराधियों को किया गिरफ्तार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़


ऑपरेशन ट्रैकडाउन - समर न्यूज

हरियाणा पुलिस के राज्यव्यापी अभियान ऑपरेशन ट्रैकडाउन ने अब तक अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। 5 नवंबर से शुरू हुए अभियान में 1735 कुख्यात अपराधियों समेत कुल 4276 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस प्रकार, अब तक कुल 6011 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। 27 नवंबर को ही एक दिन में 79 खतरनाक अपराधियों और 297 अन्य आरोपियों को पकड़ना इस अभियान की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। फतेहाबाद पुलिस ने आदतन अपराधी रोहित उर्फ रोनी को 32 बोर पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर पहले से 12 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट, आईपीसी की विभिन्न धाराएं, जुआ एक्ट और प्रिजन एक्ट शामिल हैं।

गुरुग्राम में इनामी अपराधी गिरफ्तारः एसटीएफ ने 5000 रुपये के इनामी अपराधी मुकेश कुमार को रोहतक से गिरफ्तार किया। आरोपी 2002 में दर्ज गंभीर मामलों में लंबे समय से फरार था। एसटीएफ की तत्परता और संगठित कार्रवाई के कारण उसे थाना शाहबाद पुलिस के हवाले किया गया। अपराध अन्वेषण शाखा-1 ने महिला से सोने की चेन छीनने वाले फरार आरोपी रवि उर्फ जोजो को अदालत के प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ चोरी, लूट, बलात्कार और अवैध हथियार जैसे 24 गंभीर मामले दर्ज हैं।

## महेंद्रगढ़ में मिला पाक प्रतीक वाला गुब्बारा


पाक प्रतीक वाला गुब्बारा - समर न्यूज

समर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

जिले के सोहला गांव में पाकिस्तान के झंडे जैसे प्रतीक वाला गुब्बारा मिलने से स्थानीय लोगों में हलचल फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर माधोगढ़ चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र में जांच शुरू की। गुब्बारा राजस्थान सीमा से लगे सोहला और निहालपुर गांवों के बीच सड़क किनारे पड़ा मिला। हरे रंग के गुब्बारे पर सफेद चांद–सितारे का चिन्ह बना हुआ था, जिसे देखकर लोगों ने इसे संदिग्ध मानते हुए पुलिस को जानकारी दी।

पुलिस टीम ने गुब्बारे को कब्जे में लेकर आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि नहीं मिली।

# आत्मनिर्भर भारत संदेश, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रेलवे यात्रियों से किया संवाद

## पंजाब में बास्केटबॉल खिलाड़ी की हत्या को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

समर न्यूज़ | चंडीगढ़


सीएम नायब सैनी। - समर न्यूज

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वदेशी उत्पादों और आत्मनिर्भर भारत के अभियान को बढ़ावा देने के लिए राज्यव्यापी संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की। सीएम ने रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों से बातचीत करते हुए उन्हें स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

सीएम नायब सैनी ने कहा, "हमारी पार्टी विकसित भारत के लिए अभियान चला रही है। मंत्री और विधायक राज्य के विभिन्न हिस्सों में इस संदेश को लोगों तक पहुंचा रहे हैं। स्वदेशी संकल्प को आगे बढ़ाना पूरे देश का मूल मंत्र है। हम भारत में चीजों का उत्पादन करें और आत्मनिर्भर बनें।" मुख्यमंत्री ने पंजाब में हाल ही में हुई बास्केटबॉल खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सरकार ने दोनों परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है और प्रदेश में सभी खेल उपकरणों की जांच की जा रही है। सीएम ने विपक्षी दलों द्वारा इस मामले पर राजनीति करने की निंदा की। पंजाब में तेजी से नशा फैल रहा है और पूर्व सरकारों की विफलता के कारण युवा प्रभावित हो रहे हैं। हरियाणा में हम युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं। अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राव इंद्रजीत, राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा, सांसदों और कैबिनेट मंत्रियों को रेलवे स्टेशन संपर्क कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है। सभी नेता अपने-अपने जिलों में जाकर लोगों से संवाद करेंगे और स्वदेशी उत्पादों के महत्व को साझा करेंगे।

## ससुराल की प्रताड़ना से तंग युवक ने दी जान


मृतक साहिल(बाएं) अनिल(दाएं)

समर न्यूज़ | करनाल

करनाल में ससुराल पक्ष की लगातार प्रताड़ना से तंग आकर 27 वर्षीय युवक साहिल ने शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता अनिल ने बताया कि साहिल की शादी तीन साल पहले हुई थी और शादी करवाने वाले ने उनके परिवार से 50 हजार रुपये लिए थे।

अनिल ने आगे कहा कि साहिल की पत्नी अपने मायके में रहती थी और जब भी साहिल उसे लेने ससुराल जाता, तो उसका ससुराल पक्ष उसके साथ मारपीट करता था। पिता ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले साहिल पर प्रॉपर्टी हथियाने का दबाव बना रहे थे और लगातार दहेज प्रताड़ना का मामला थाने में दर्ज करवाते रहे।

## एनआइटी कुरुक्षेत्र का दीक्षांत समारोह कल, उपराष्ट्रपति होंगे मुख्य अतिथि


सीनेट अध्यक्ष प्रो. बी.वी. रमना रेड्डी। - समर न्यूज

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) कुरुक्षेत्र में 30 नवंबर को 20वां दीक्षांत समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ओपन एयर थिएटर (OAT) में होने वाले इस समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की चेयरपर्सन तेजस्विनी अनंत कुमार करेंगी, जबकि राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सैनी और सांसद नवीन जिंदल विशिष्ट अतिथि होंगे।

समारोह की तैयारियों की जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक और सीनेट अध्यक्ष प्रो. बी.वी. रमना रेड्डी ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस वर्ष कुल 1494 डिग्रियाँ प्रदान की जाएंगी। इनमें B.Tech, M.Tech, MBA, MCA, M.Sc और Ph.D कार्यक्रमों के विद्यार्थी शामिल हैं।

**डिजिटल डिग्री और 36 छात्रों को स्वर्ण पदक**

संस्थान इस बार छात्रों को डिजिटल डिग्री प्रदान करेगा। इसके अलावा 36 मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। B.Tech के ओवरऑल टॉपर के लिए विशेष स्वर्ण पदक निर्धारित किया गया है। सभी विभागों के टॉपर्स, बेस्ट प्रोजेक्ट अवॉर्ड और अन्य अकादमिक पुरस्कारों की सूची जारी कर दी गई है।

ओवरऑल टॉपर, बेस्ट ऑल-राउंडर घोषित प्रसिद्ध 'श्री श्याम सुंदर धिंगड़ा ओवरऑल टॉपर अवॉर्ड' के लिए इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के निपुण त्रिपाठी का चयन हुआ है।

## स्टेडियम हादसाः सीएम भगवंत मान ने परिवार को नौकरी देने की मांग की

समर न्यूज़ | रोहतक

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान गुरुवार को रोहतक के लाखनमाजरा स्टेडियम पहुंचे, जहाँ अभ्यास के दौरान गिरे पोल की चपेट में आए राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी की मौत के बाद उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हरियाणा की खेल नीति और खेल ढांचे की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए।

खेल नीति पर CM मान का सवाल : "अगर मैदान से लाशें आएंगी, तो कौन भेजेगा बच्चों को?" सीएम मान ने कहा कि हार्दिक की मौत खेल सुविधाओं में लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने पूछा कि खेल मैदान में इतना कमजोर पोल क्यों लगाया गया था? मान ने कहा— "अगर खेल मैदान से खिलाड़ियों की लाशें आने लगेंगी तो माता-पिता अपने बच्चों को खेलने कैसे भेजेंगे?" उन्होंने देशभर के सभी खेल मैदानों की सुविधाओं और सुरक्षा का राष्ट्रीय स्तर पर ऑडिट कराने की मांग की, ताकि खिलाड़ी सुरक्षित वातावरण में कॉमनवेल्थ जैसे बड़े आयोजनों की तैयारी कर सकें।

# मंत्री विज की फटकार के बाद पुलिस एक्शन में, मनचलों की बाजार में परेड

समर न्यूज़ | अंबाला


मनचलों की बाजार में परेड। - समर न्यूज

अंबाला में युवती से छेड़छाड़ और उसके परिजनों से मारपीट करने वाले पांच आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज की कड़ी नाराजगी के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न केवल गंजा किया बल्कि उन्हें बाजार में पैदल घुमाकर सार्वजनिक रूप से सबक भी दिया।

**क्या है पूरा मामला?**

26 नवंबर को अंबाला कैंट क्षेत्र की एक युवती ने शिकायत दी थी कि वह रोजाना कंप्यूटर कोर्स के लिए राय मार्केट जाती है। इसी दौरान दीना की मंडी निवासी मुकुल उसका पीछा करता था और रास्ते में अभद्र व्यवहार करता था। शिकायत के अनुसार, घटना वाले दिन मुकुल ने सब्जी मंडी के पास लड़की से बदतमीजी की, विरोध करने पर उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज की और धमकाया।

जब युवती के माता-पिता मौके पर पहुंचे तो मुकुल ने अपने साथियों को बुलाकर युवती के भाई और माता-पिता के साथ मारपीट की। बाद में आरोपी युवक दर्जनभर साथियों के साथ अस्पताल पहुंचकर परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

**पांच आरोपी गिरफ्तार, बाजार में निकाली परेड** : कैंट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकुल, लव, संदीप (हरि नगर निवासी), शुभम और राहुल (बंगाली मोहल्ला निवासी) को गिरफ्तार कर लिया।

जनमानस में संदेश देने के लिए पुलिस ने पांचों आरोपियों का सिर मुंडवाकर उन्हें वारदात स्थल और आसपास के बाजारों में पैदल घुमाया। इस दौरान आरोपी कान पकड़कर माफी मांगते हुए दिखे और दोबारा अपराध न करने का वादा भी किया। बाद में सभी को अदालत में पेश किया गया।

मामला सामने आने के बाद मंत्री अनिल विज ने अंबाला कैंट थाना प्रभारी को तलब कर सख्त फटकार लगाई। विज ने कहा— "मैं अपने शहर में ऐसा माहौल बर्दाश्त नहीं करूंगा, जहां लड़कियां आने-जाने से डरें। पुलिस को सख्ती से कार्रवाई करनी ही होगी।"

## ऊर्जा सुरक्षा व निवेश बढ़ाने को सीजीडी पॉलिसी हो रही तैयार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़


गैस डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन - समर न्यूज

हरियाणा सरकार प्रदेश में प्राकृतिक गैस अवसंरचना को मजबूत बनाने और निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से एक नई, आधुनिक और निवेशक-मित्र सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) पॉलिसी तैयार कर रही है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग सहित संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक कर नीति के प्रारूप पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (PNGRB) द्वारा भेजे गए सुझावों को भी नीति में शामिल किया जाए, ताकि नई सीजीडी पॉलिसी राष्ट्रीय मानकों और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सके।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने विश्वास जताया कि नई पॉलिसी लागू होने के बाद हरियाणा की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी, साथ ही 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को भी सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सतत ऊर्जा अवसंरचना के क्षेत्र में हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो सकता है।

**पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर के लिए बढ़ेंगे निवेश अवसर**

प्रस्तावित पॉलिसी से राज्य में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क विस्तार के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र दोनों को बड़े स्तर पर निवेश के अवसर मिलने की अपेक्षा है। मुख्य सचिव ने कहा कि यह नीति पाइपलाइन निर्माण के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करेगी, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करेगी और उपभोक्ताओं के हितों—विशेषकर सुरक्षा और पहुंच—का विशेष ध्यान रखेगी।

## सोनीपत में मछलियों से लदा कैंटर पलटा, हाईवे पर लगा लंबा जाम



समर न्यूज़ | सोनीपत

सोनीपत के नेशनल हाईवे 44 पर शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। मछलियों से भरा एक कैंटर अनियंत्रित होकर मुरथल फ्लाईओवर के पास पलट गया, जिसके बाद सड़क पर मछलियां बिखर गईं। घटना के तुरंत बाद हाईवे पर लोगों की भीड़ जुट गई, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और लगभग एक घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को हटाकर मछलियों को एकत्रित करवाने के साथ कैंटर को सड़क से हटवाया। कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों की आवाजाही दोबारा सुचारू हो सकी। कैंटर चालक अजय के मुताबिक, वह पानीपत से दिल्ली के सुल्तानपुरी मंडी मछलियों की खेप लेकर जा रहा था। संतुलन बिगड़ने के कारण वाहन पलट गया, जिससे मछलियों का पूरा माल सड़क पर फैल गया।

# सरकार ने नूंह जिले में दो ब्लॉक हेल्थ इकाइयों को दी मंजूरी

समर न्यूज़ | नूंह

जिले में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए हरियाणा सरकार ने एस्पिरेशनल जिलों में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स (BPHO) स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। तावडू के पढनी PHC और पिनगवां CHC में दो नए BPHO तैयार किए जाएंगे, जिन पर कुल 1.11 करोड़ का खर्च प्रस्तावित है। पढनी PHC में बिल्डिंग निर्माण पर 50 लाख, जबकि पिनगवां CHC में 61 लाख की धनराशि खर्च होगी। निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा, जिसे पंचायत राज विभाग के माध्यम से पूरा किया जाएगा।

हेल्थ विभाग ने बताया कि फिरोजपुर झिरका और पुन्हाना में बीपीएचओ पहले ही तैयार हो चुके हैं, जबकि तावडू और पिनगवां में प्रस्तावित यूनिट ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नए स्तर पर पहुंचाएंगे। सरकार का उद्देश्य दूर-दराज के ब्लॉकों में प्राथमिक और सेकेंडरी हेल्थ सर्विसेज को मजबूत करना है, ताकि मरीजों को ब्लॉक स्तर पर बेहतर इलाज और तुरंत जांच मिल सके।

नई बीपीएचओ यूनिट में उपलब्ध सुविधाएं देंगे । सभी बीमारियों की स्क्रीनिंग और प्राथमिक जांच, सब-सेंटर से रेफर मरीजों की विस्तृत जांच, गंभीर बीमारियों की पहचान, रिपोर्टिंग और प्रिवेंशन एक्शन, ब्लॉक स्तर पर डायग्नोस्टिक सर्विसेज का विस्तार, PHC–CHC को सपोर्ट और सुपरविजन, स्कूल हेल्थ प्रोग्राम और कम्युनिटी हेल्थ अवेयरनेस कैंपेन, बीमारियों के फैलाव के समय फौरन हस्तक्षे, हेल्थ विभाग के अनुसार, BPHO बनने से ब्लॉक स्तर पर डेटा मॉनिटरिंग, केस ट्रैकिंग और समय पर टेस्टिंग की क्षमता बढ़ेगी, जिससे गंभीर बीमारियों को फैलने से रोका जा सकेगा।

**बीमारी की जांच के बाद तुरंत इलाज शुरू** : प्रत्येक मरीज की प्रारंभिक जांच बीपीएचओ में होगी। स्थिति के अनुसार उसे संबंधित PHC या CHC में इलाज दिलाया जाएगा। गंभीर मामलों को उच्च संस्थानों में रेफर किया जाएगा। इसके लिए अलग से स्टाफ की तैनाती की जाएगी।

**सरकारी दावाः स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और बेहतर**...सिविल सर्जन डॉ. सर्वजीत थापर ने कहा—बनने से पिनगवां और तावडू में स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। जांच, डेटा मॉनिटरिंग और समय पर फैसले से पब्लिक हेल्थ सिस्टम मजबूत होगा। यह सरकार का सराहनीय कदम है।

# पलवल चीनी मिल में 42वां गन्ना पेराई सत्र हुआ शुरू, किसानों के चेहरे पर खुशी

समर न्यूज़ | पलवल


डॉ. अरविंद शर्मा। - समर न्यूज

पलवल स्थित सहकारी चीनी मिल में शुक्रवार को 42वां गन्ना पेराई सत्र हवन, मंत्रोच्चारण और पूजा के साथ औपचारिक रूप से शुरू हुआ। पेराई सत्र की शुरुआत से गन्ना किसानों के चेहरों पर उत्साह और खुशी देखी गई। इस सत्र में किसान अपनी गन्ना फसल बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में हिस्सा लिया और किसानों को पेराई सत्र के शुभारंभ पर बधाई दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि सत्र के दौरान किसानों और मिल के कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक "विकसित भारत" के संकल्प को पूरा करने में शुगर इंडस्ट्री और सहकारिता विभाग का अहम योगदान रहेगा। केंद्र और राज्य सरकारें किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, उत्पादन में वृद्धि करने और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाएं लागू की जा रही हैं।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गन्ना किसानों के लिए अग्रणी और पछेती किस्म के लिए क्रमशः 415 रुपये और 408 रुपये प्रति क्विंटल तय किए हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। सरकार ने समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और ऑनलाइन टोकन सिस्टम के जरिए गन्ना लाने में सुविधा प्रदान करने की व्यवस्था भी की है।

डॉ. शर्मा ने किसानों और मिल के बीच सहयोग को सफलता की कुंजी बताते हुए किसानों से अपील की कि वे स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण गन्ना ही मिल में सप्लाई करें। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित किया कि वे गन्ना खेती की ओर लौटें और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग बढ़ावा दें।

# युवती व परिवार से मारपीट पर भड़के अनिल विज, थानेदार को फटकारा

समर न्यूज़ | अंबाला


अनिल विज थानेदार को फटकार लगाते हुए। - समर न्यूज

अंबाला में युवती के साथ अभद्रता और उसके परिवार पर हमले के मामले ने तूल पकड़ लिया है। ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने जनसुनवाई के दौरान घटना की शिकायत मिलते ही सख्त रुख अपनाया और कैंट थाना SHO को मौके पर बुलाकर कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया। विज ने कहा कि "शहर में बेटियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा, ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"

जनसुनवाई में पीड़ित दंपत्ति ने बताया कि उनकी बेटी कोचिंग से घर लौट रही थी, तभी दो युवक उसका पीछा करते हुए रास्ते में अभद्रता करने लगे। सूचना पाकर परिवार मौके पर पहुंचा और 112 नंबर पर कॉल भी किया, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही युवकों ने परिवार पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

घटना के बाद पीड़ितजन उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां परिवार ने बताया कि करीब 15 युवक अस्पताल में इकट्ठा होकर उन्हें धमकियां देने लगे।

"यह मेरे-तुम्हारे लिए मरने जैसा" विज की कड़ी चेतावनी मामले की गंभीरता को देखते हुए अनिल विज ने SHO को फटकार लगाते हुए कहा कि लड़कियां सुरक्षित होकर न चल-फिर सकें, यह मेरे और तुम्हारे लिए मरने जैसा है।"उन्होंने SHO को आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी, अदालत में पेशी, और मामले में कोई ढिलाई न बरतने के आदेश दिए।

## हरियाणा का सबसे ठंडा शहर कैथल

समर न्यूज़ | हिसार

हरियाणा में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। खासकर रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। वीरवार को कैथल में न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिससे यह शहर प्रदेश में सबसे ठंडा साबित हुआ। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि उत्तर पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों, विशेषकर हरियाणा, एनसीआर और दिल्ली पर पड़ रहा है। पहाड़ों से बह रही बर्फीली हवाएं मैदानों की ओर रुख कर रही हैं, जिससे तापमान में गिरावट आ रही है। दिन के समय धूप निकलने से कुछ राहत मिल रही है, लेकिन रात में लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

**1965 युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए थे सिपाही जिले सिंह**

# शहीद जिले सिंह की पत्नी को सीएम ने दिया 'चाय पर चर्चा' निमंत्रण

समर न्यूज़ | जुलाना



जुलाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव के शहीद सिपाही जिले सिंह की पत्नी रामवती को राज्य सरकार की ओर से विशेष सम्मान दिया जा रहा है। उन्हें 29 नवंबर को हिसार कैंट में आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'चाय पर चर्चा' में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात के लिए आमंत्रित किया गया है। 87 वर्षीय रामवती को मिला यह निमंत्रण पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है।

जिले सिंह वर्ष 1963 में जाट रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। 1965 में भारत-पाक युद्ध के दौरान उन्होंने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उसी बलिदान को याद करते हुए यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस में जुलाना खंड की चार महिलाओं शामलों कलां, पड़ाना, बीबीपुर और राजगढ़ गांव से प्रतिनिधियों को आमंत्रण मिला है।

पूर्व सैनिक वेल्फेयर संगठन के उपप्रधान नरेंद्र लाठर ने बताया कि पहली बार प्रदेश का मुख्यमंत्री पूर्व सैनिकों के परिवारों से सीधे संवाद करेगा। शहीद की पोती प्रीति ने बताया कि दादी का मुख्यमंत्री और आर्मी कमांडर से मिलना परिवार और गांव दोनों के लिए गर्व का क्षण है। गांव में कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि शहीद परिवारों को इस तरह सम्मान देना समाज के लिए प्रेरणादायक कदम है।

## अमेरिका भेजने के नाम पर ठगी, लीबिया में बना बंधक

समर न्यूज़ | करनाल

हरियाणा के मुंडलाना गांव के युवक राहुल को अमेरिका में पढ़ाई दिलाने का सपना दिखाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। परिवार से 58.50 लाख रुपये ऐंठकर एजेंटों ने राहुल को अमेरिका भेजने के बजाय दुबई और लीबिया में फंसा दिया, जहां उसे बंधक बनाकर प्रताड़ित किया गया। मामले में करनाल के सदर थाने में नौ लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। राहुल के चाचा देवेंद्र के अनुसार, रिश्तेदार रोशन ने उसे पढ़ाई के लिए अमेरिका भेजने का भरोसा दिलाया। इसके बाद एजेंट वेदप्रकाश, बलवंत और अमित घर पहुंचे तथा 51 लाख रुपये में डील तय की गई। 15 दिसंबर 2023 को 10 लाख रुपये अग्रिम लिए गए। आरोपियों ने राहुल को दिल्ली ले जाकर डॉक्यूमेंट तैयार कराए और बैंकॉक का नकली टिकट भेजकर धोखा शुरू कर दिया।

# जयराम ठाकुर ने रिटायर्ड व वर्तमान कर्मचारियों के हकों के लिए विधानसभा में किया प्रदर्शन

## भाजपा विधायक दल ने निकाली रैली, कर्मचारियों के हकों की आवाज की बुलंद

**राहुल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायक दल ने आज सदन परिसर में पूर्व और वर्तमान कर्मचारियों के हक के लिए जोरदार रैली निकाली। विधायक दल, जिसमें विधायक विपिन परमार, सुधीर शर्मा और पवन काजल शामिल थे, विधानसभा गेट के सामने पहुंचे और सरकार की नाकामियों के विरोध में नारेबाजी की।नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मीडिया को बताया कि प्रदेश की सत्ता में बैठी सरकार केवल दिखावा करती है कि वह कर्मचारी हितैषी है, पर हकीकत में कर्मचारियों के साथ अन्याय हो रहा है। कर्मचारियों को वेतन मिलने में देरी हो रही है, जबकि रिटायर्ड कर्मचारी पेंशन, मेडिकल बिल और मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। "पेंशनर्स तीन साल से अपने मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए सरकार की संवेदनशीलता के इंतजार में हैं, यह किसी संवेदनशील सरकार के लिए अपमानजनक है," उन्होंने कहा।सरकार की उदासीनता पर कड़ा प्रहार, रिटायर्ड कर्मचारियों से आंखें भी नहीं मिला पा रहीजयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार के अधिकारी प्रदर्शन कर रहे पूर्व कर्मचारियों से मिलना तक नहीं चाह रहे हैं। "यहां विधानसभा के कुछ ही कदमों की दूरी पर प्रदेश के हजारों पूर्व कर्मचारी अपने अधिकारों की मांग लेकर आए हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को दबा रही है। मुख्यमंत्री और मंत्री अलग-अलग रास्तों से निकलते हैं, यह दर्शाता है कि सरकार की नीति




स्पष्ट नहीं है और कर्मचारियों की उदासी आखरी सीमा पर पहुंच चुकी है।"कांग्रेस नेताओं को आरएसएस पर सख्त चेतावनीः "बोलने लायक तक नहीं"नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस के नेताओं द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर की गई निंदात्मक टिप्पणियों को निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि आरएसएस विश्व का सबसे बड़ा और सम्मानित संगठन है जिसने भारत के राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। "आरएसएस और भाजपा ने विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकसित किया है। कांग्रेस को अपनी मर्यादा में रहकर बोलना चाहिए।"प्रदर्शनकारी कर्मचारियों से मुलाकात, हक के लिए संघर्ष जारी रखने का भरोसा दियाजयराम ठाकुर ने जोरावर मैदान में प्रदर्शन कर रहे पूर्व कर्मचारियों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया कि वे सदन में उनके अधिकारों के लिए हमेशा आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि आज विधानसभा में लगभग एक घंटे तक पूर्व कर्मचारियों के मुद्दों को उठाया गया और भविष्य में भी उठाते रहेंगे। पूर्व कर्मचारियों ने नेता प्रतिपक्ष के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।जोरावर सिंह स्टेडियम का निरीक्षण और रैली की तैयारियों की समीक्षानेता प्रतिपक्ष ने 4 दिसंबर को प्रदेश की "वसूली सरकार" के खिलाफ होने वाली विशाल रैली के लिए जोरावर पार्क जाकर रैली स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के विधायकों, पदाधिकारियों और रैली के दायित्व प्राप्त प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रैली की तैयारियों का जायजा लिया।

# तेंदुए का कहर, 52 भेड़-बकरियों की मौत; ग्रामीणों ने मुआवजे की उठाई मांग

**समर न्यूज़ | मंडी**

52 भेड़-बकरियां मृत हो गईं, जबकि लगभग 75 के झुंड में से केवल 23 ही किसी तरह जीवित बच पाईं। यह घटना रात करीब साढ़े 9 बजे की बताई जा रही है।
मृत भेड़ें देवेंद्र कुमार पुत्र लाहलुराम, गोपाल और गीतानंद पुत्र जीत राम की बताई जा रही हैं। जानकारी अनुसार, हमले के दौरान तेंदुए की दहशत से पूरा झुंड बिखर गया और कई भेड़-बकरियां जंगल की ओर भाग पड़ीं। अफरा-तफरी में भेड़पालक देवेन्द्र कुमार भी खच्चर के खूर के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गए और बेहोश हो गए।सुबह जब देवेंद्र कुमार को होश आया तो उन्होंने चारों ओर फैली मृत और लापता भेड़ों को देखा। इसके बाद वे लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित दूसरे डेरे में पहुंचे और वहां मौजूद लोगों को पूरी घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने तुरंत आसपास के जंगल और


मृत भेड़-बकरियां - समर न्यूज़

ढांक में खोज अभियान शुरू किया, जिसमें कई भेड़ें मृत पाई गईं, जबकि कुछ घायल अवस्था में जीवित मिलीं।घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम, पशुपालन विभाग कटौला के अधिकारी और ग्राम पंचायत प्रधान मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, पशुपालकों को भारी आर्थिक क्षति हुई है।गांव के रामशरण, जीत राम, मोहन सिंह, गोपी सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित भेड़पालकों को उचित मुआवजा देने और शीघ्र सरकारी सहायता प्रदान करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे हमले लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए वन्यजीवों से मानव–पशु संपत्ति की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाने जरूरी हैं।

# जगत सिंह नेगी की बयानबाजी पर भड़के अजय राणा, कहा-संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए अनुचित भाषा

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और किन्नौर जिला प्रभारी अजय राणा ने कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के हालिया बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मंत्री नेगी जिस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वह किसी जिम्मेदार और संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देता। राणा ने कहा कि उनकी बयानबाजी गली–मुहल्लों की छिछोरी राजनीति जैसी प्रतीत होती है।
अजय राणा ने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेताओं पर अनर्गल टिप्पणी करना नेगी की आदत बन चुका है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री


जिला प्रभारी अजय राणा - समर न्यूज़

जयराम ठाकुर पर लगातार तीखे और असंयमित बयान देना मंत्री नेगी की पुरानी शैली है। अब उन्होंने अपने निशाने पर आरएसएस को भी लेना शुरू कर दिया है, जबकि देशहित में कार्य करने वाले इस संगठन पर मनगढ़ंत आरोप लगाना किसी भी जनप्रतिनिधि के स्तर को दर्शाता है। राणा ने कहा कि यदि मंत्री नेगी एक दिन भी आरएसएस की शाखा में जाएं, तो उनके मन की नकारात्मकता और भ्रम दूर हो सकते हैं।राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आग्रह किया कि वे गंभीरता से विचार करें कि क्या ऐसे मंत्री को पद पर बनाए रखना उचित है, जिसकी भाषा और आचरण बार-बार विवाद खड़े कर रहे हैं।
अजय राणा ने हाल ही में सराज क्षेत्र में हुई घटना पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों ने जब अपनी समस्याओं को लेकर मंत्री से नाराज़गी व्यक्त की, तो उसे मंत्री नेगी ने भाजपा की साजिश बताकर राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया। राणा के अनुसार यह आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है, क्योंकि प्रभावितों की प्रतिक्रिया स्वाभाविक आक्रोश का परिणाम थी।उन्होंने कहा कि मंत्री नेगी को अपने व्यवहार में सुधार लाना चाहिए, अन्यथा उन्हें आगे भी जनता के असंतोष का सामना करना पड़ेगा।

# एजी शिमला ने रिज मैदान में रक्तदान शिविर कर्मचारियों और आम लोगों ने किया रक्तदान

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**

ऑडिट सप्ताह के अवसर पर भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के राष्ट्रीय लेखा परीक्षा एवं लेखा अकादमी, कार्यालय प्रधान महालेखाकार तथा प्रधान महालेखाकार हिमाचल प्रदेश द्वारा शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में एजी कार्यालय के अधिकारियों–कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर का शुभारंभ प्रधान महालेखाकार हिमाचल प्रदेश सुशील ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान कहा गया है क्योंकि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑडिट सप्ताह के उपलक्ष पर हर वर्ष


रक्तदान शिविर। - समर न्यूज़

एजी कार्यालय की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है, ताकि अस्पतालों में रक्त की कमी को दूर करने में योगदान दिया जा सके। सुशील ठाकुर ने कहा कि समाज के सभी लोगों को ऐसे पुनीत कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में भी यदि लोग कुछ क्षण निकालकर रक्तदान करें, तो अनेक जिंदगियों को नया जीवन मिल सकता है। शिविर में आए कर्मचारियों, अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया।

# स्वतंत्रता सेनानी को जयंती पर दी श्रद्धांजलि


स्वतंत्रता सेनानी भाई हिरदा राम को श्रद्धांजलि देते हुए। - समर न्यूज़

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**

छोटी काशी मंडी में स्वतंत्रता सेनानी भाई हिरदा राम की 141वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर मेयर, पार्षदों और नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने उनके साहस, गदर पार्टी की स्थापना में भूमिका और अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष को याद किया। मेयर वीरेंद्र भट्ट ने कहा कि बम निर्माण में निपुण भाई हिरदा राम को मृत्युदंड मिला था, जिसे बाद में आजीवन कारावास में बदला गया, और उन्होंने कालापानी में वीर सावरकर संग यातनाएँ झेली। उनके पौत्र शमशेर सिंह ने उनके योगदान को राष्ट्रीय मान्यता देने, पाठ्यक्रम में शामिल करने और उनके नाम पर ट्रस्ट बनाने की मांग की।

# हमीरपुर सहकारिता विकास संघ का चुनाव


प्रो. प्रेम कुमार धूमल। - समर न्यूज़

**अरविंद | हमीरपुर**
**समर न्यूज़**

जिला हमीरपुर सहकारिता विकास संघ के हालिया चुनाव परिणामों के बाद भाजपा समर्थित विजेता निदेशकों का प्रतिनिधिमंडल समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से आशीर्वाद लेने पहुँचा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व दो बार संघ के अध्यक्ष रह चुके वरिष्ठ नेता यशवीर पटियाल ने किया। विजेता निदेशकों में हमीरपुर से अशोक कुमार, नादौन से कमल किशोर, बड़सर से राम कृष्ण, भोरंज से सुशील ठाकुर, टौणीदेवी से बलबीर सिंह और बिजहरी से यशवीर पटियाल शामिल रहे। सभी ने कहा कि यह जीत संगठन में पारदर्शिता और विकास के प्रयासों की पुष्टि है। यशवीर पटियाल ने सहकारिता क्षेत्र में प्रो. धूमल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन की संरचना मजबूत हुई और कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी बनी। उन्होंने माना कि मौजूदा चुनावी सफलता में प्रो. धूमल के मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही। प्रो. धूमल ने विजेताओं को बधाई देते हुए आशा जताई कि नई टीम संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगी।

# बेहना-माहोली पुल के पास बुधवार को पति-पत्नी ने सतलुज नदी में कूदकर दी जान

**सुभाष | बिलासपुर**
**समर न्यूज़**

कुल्लू और मंडी की सीमा पर स्थित बेहना–माहोली पुल के पास बुधवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। जिसमें पति-पत्नी दोनों सतलुज नदी में कूद गए। यह घटना उस कहासुनी के बाद हुई, जो दंपती के बीच मंगलवार रात को हुई थी। अभी तक दोनों का कोई पता नहीं चल पाया है और पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीमें लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई हैं।
लापता दंपती की पहचान दूनी चंद (34) पुत्र बलदेव सिंह निवासी बतना-भाल्ले (तहसील करसोग, जिला मंडी) और उसकी पत्नी सोनिया (27) के रूप में हुई है। दोनों आनी बाजार में किराए के मकान में रह रहे थे और दूनी चंद एक स्थानीय सैलून में काम करता था। मंगलवार रात को दूनी चंद अपने रिश्तेदार धनी राम और मोहन लाल के साथ कमरे में बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान किसी


मृतक दूनी चंद और उसकी पत्नी सोनिया। - समर न्यूज़

मुद्दे को लेकर दूनी चंद और सोनिया के बीच विवाद हो गया। रिश्तेदारों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया और सभी अपने कमरों में सो गए। अगली सुबह जब दूनी चंद उठा, तो उसकी पत्नी सोनिया कमरे से गायब थी। उसने तुरंत अपने चाचा के बेटे को इसकी सूचना दी और कार लेकर उसकी खोज में निकल पड़ा। तलाश के दौरान सोनिया बेहना–माहोली पुल के पास नदी की ओर भागती दिखाई दी। उसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वह अचानक सतलुज नदी में छलांग लगा गई। पत्नी को बचाने की कोशिश में दूनी चंद भी नदी में कूद गया। पूरा घटनाक्रम रिश्तेदार धनी राम ने अपनी आंखों से देखा, जिसने तुरंत पुलिस को सूचना दी।
पुलिस ने मौके से सोनिया का दुपट्टा और दूनी चंद का मोबाइल फोन बरामद किया है। गवाहों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। आनी के डीएसपी राजीव मेहता ने बताया कि दोनों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है, लेकिन अभी तक दोनों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# शक्तिपीठ में सर्कुलर रोड चौड़ीकरण और सोलर लाइटिंग से बदलेगी तस्वीर

**सुभाष | बिलासपुर**
**समर न्यूज़**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में शामिल श्री नयना देवी मंदिर क्षेत्र में इन दिनों बड़े पैमाने पर विकास कार्य चल रहे हैं। मंदिर न्यास प्रशासन द्वारा शुरू की गई दो प्रमुख परियोजनाओं—सर्कुलर रोड चौड़ीकरण और संपूर्ण प्रकाश व्यवस्था—से पूरे क्षेत्र के कायाकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान अधिक सुविधा, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्था का अनुभव होगा। मंदिर न्यास प्रशासन ने सर्कुलर रोड विस्तारीकरण परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए 25 लाख रुपये पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित किए हैं। धनराशि उपलब्ध होने के बाद श्री नयना देवी से घवांडल तक सर्कुलर रोड का विस्तार कार्य तेज़ी से शुरू हो गया है। पहले चरण में लगभग 200 मीटर सड़क का निर्माण जारी है, जबकि अगले चरण में करीब 3


सर्कुलर रोड चौड़ीकरण और सोलर लाइटिंग से बदलेगी तस्वीर। - समर न्यूज़

किलोमीटर सड़क को चौड़ा करने का प्रस्ताव है। नवरात्र सहित त्योहारों और विशेष मेलों के दौरान होने वाली भारी भीड़ के कारण लगने वाले जाम से इस परियोजना के बाद बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही, सड़क के दोनों ओर पैदल मार्ग बनने से श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल पाएगा। इसके अतिरिक्त क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था को आधुनिक बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंदिर परिसर से कोहणी मोड़ तक अभी तक 150 सोलर लाइटें स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे रात के समय क्षेत्र पूरी तरह रोशन दिखाई देता है।
आने वाले चरण में टोबा तक पूरे इलाके को सोलर लाइटों से सुसज्जित करने की योजना है।

# कांग्रेस का सृजन अभियान राजेश ठाकुर ने संभाला मोर्चा

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**

कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत मंडी जिले में भी नए जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पार्टी ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाने के लिए झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजेश ठाकुर को मंडी भेजा है। वह लगभग एक सप्ताह तक मंडी जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों से मुलाकात कर उनकी कार्यक्षमता और जनसंपर्क की स्थिति का मूल्यांकन करेंगे। संगठन सृजन अभियान राहुल गांधी की सोच पर आधारित है, जिसका उद्देश्य कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय और जनोन्मुखी बनाना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत ऐसे जिलाध्यक्षों की तलाश की जा रही है जो जमीन से जुड़े हों, जनता के मुद्दों को गहराई से समझते हों और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की क्षमता रखते हों। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस अब उन


कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजेश ठाकुर। - समर न्यूज़

कार्यकर्ताओं को नेतृत्व सौंपना चाहती है जो जनता की समस्याओं को निडरता से उठाकर उनके समाधान के लिए संघर्ष कर सकें।उन्होंने कहा कि संगठन ने जो दायित्व उन्हें सौंपा है, वह पूरी निष्ठा के साथ उसे निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका उद्देश्य मंडी जिले में ऐसे विकल्प तलाशना है जो पार्टी की रीति-नीति और जनहित के अनुरूप मजबूत नेतृत्व दे सकें। इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने केंद्र सरकार पर हिमाचल प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से केंद्र सरकार ने राज्य की आर्थिक जरूरतों और जनता के हितों की अनदेखी की है, उससे यह स्पष्ट होता है कि उन्हें हिमाचल के लोगों की चिंता नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इसके बावजूद हिमाचल प्रदेश अपने दम पर आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और जल्द ही आत्मनिर्भर राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने "वोट चोरी" की सभी सीमाएं पार कर दी हैं और आज डायरेक्ट ट्रांजेक्शन के जरिए लोगों को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन सबके बावजूद लोकतंत्र की रक्षा और जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए लगातार संघर्ष है।

**मुद्दा** विपक्ष की गुटबाज़ी और अव्यवस्थित व्यवहार पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने साधा निशाना

# एम्स बिलासपुर में 58 सीनियर रेजिडेंट के लिए 5 को इंटरव्यू

**सुभाष | बिलासपुर**
**समर न्यूज़**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष के नेता राजनीतिक बढ़त हासिल करने की होड़ में लगे हुए हैं और उनका आचरण यह दर्शाता है कि मानो हर कोई यह जताना चाहता हो कि "मैं भी बोलूं"। मुख्यमंत्री के अनुसार यह स्थिति विपक्ष की आंतरिक गुटबाज़ी और समन्वय की कमी को उजागर करती है। तपोवन में शुक्रवार को पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि विपक्ष हर मुद्दे पर खुद को ही सही साबित करने की मानसिकता के साथ चलता है, जबकि सदन में स्थापित परंपराओं और प्रक्रियाओं का सम्मान करना सभी का दायित्व है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सत्र के तीसरे


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रेस वार्ता करते हुए। - समर न्यूज़

दिन प्रश्नकाल सुचारू रूप से चल रहा था, तभी नेता प्रतिपक्ष बिना निर्धारित प्रक्रिया के अचानक अपनी बात रखने पर अड़ गए। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि प्रश्नकाल के बाद उन्हें पूरा अवसर दिया जाएगा, फिर भी विपक्ष ने सदन की कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन की गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तोड़ने की कोशिश होना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह व्यवहार न केवल प्रक्रियाओं का उल्लंघन है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति असम्मान भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वयं पहल करते हुए अब तक का सबसे लंबा सत्र बुलाया है, ताकि हर विधायक चाहे सत्ता पक्ष से हों या विपक्ष से तर्कों, तथ्यों और दस्तावेज़ों के आधार पर अपनी बात रख सके। शुरुआती नोकझोंक के बावजूद विपक्ष को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया गया है और आगे भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विकास, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रही है, जबकि विपक्ष मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास करता दिख रहा है। कोरम पूरा न होने पर उठे सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शुक्रवार होने के कारण कुछ विधायक विभिन्न कार्यक्रमों और मीडिया इंटरैक्शन में व्यस्त थे। थोड़ी देर में सभी विधायक सदन में पहुंच गए और उसके बाद कार्यवाही बिना किसी व्यवधान के चलती रही। पेंशनर्स की मांगों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी अपेक्षाएँ पूरी तरह वाजिब हैं और सरकार उनके प्रति संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर के बाद पेंशनर्स के प्रतिनिधियों को बुलाकर विस्तार से बातचीत की जाएगी, ताकि उनकी समस्याओं का ठोस और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# फतेहपुर में अब बिना लाइसेंस तंबाकू बिक्री पर होगा एक्शन

**संजीव महाजन | शिमला**
**समर न्यूज़**

विधानसभा फतेहपुर क्षेत्र में युवाओं में बढ़ते तंबाकू सेवन और स्वास्थ्य पर पड़ रहे इसके गंभीर दुष्प्रभावों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अब कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया है। विभाग ने साफ कर दिया है कि खुली सिगरेट और बीड़ी की बिक्री पूरी तरह अवैध है तथा बिना लाइसेंस तंबाकू बेचने वालों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में तंबाकू उत्पादों की अवैध सप्लाई पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। फतेहपुर की खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋचा मेहरोत्रा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में खुली सिगरेट–बीड़ी बेचना प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने पर पहली बार 10,000 रुपये और दूसरी बार 15,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। बिना लाइसेंस तंबाकू बेचने वालों पर 50,000 रुपये तक जुर्माना या तीन माह कारावास, जबकि पुनरावृत्ति होने पर 2 लाख रुपये जुर्माना और एक वर्ष तक की कैद का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि कानून सख्त है और अब विभाग इसे कड़ाई से लागू करने जा रहा है। डॉ. मेहरोत्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि स्कूलों से 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूरी तरह गैरकानूनी है। इस सीमा से बाहर बिक्री करने वाले व्यक्तियों के पास वैध लाइसेंस होना अनिवार्य है। दुकानों पर चेतावनी बोर्ड लगाना भी जरूरी है, तंबाकू विक्रेताओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीकरण पंचायत सचिवों द्वारा और शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद/नगर पंचायत कार्यालयों के माध्यम से किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि समुदाय के सहयोग से ही फतेहपुर को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाया जा सकता है और इसके लिए जागरूकता व कड़ाई दोनों आवश्यक हैं।

# हमीरपुर में शुरू होगी क्लस्टर स्कूल मॉडल की नई व्यवस्था

**अरविंद | शिमला**
**समर न्यूज़**

जिला में सरकारी स्कूलों को बेहतर शिक्षण संसाधन उपलब्ध कराने और गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने क्लस्टर स्कूल प्रणाली लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस नई व्यवस्था के तहत प्राइमरी, मिडिल, हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को एक क्लस्टर में जोड़ा जाएगा, ताकि छात्र आपस में जुड़े संस्थानों का भ्रमण कर आधुनिक शिक्षण तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। क्लस्टर मॉडल के अनुसार, प्रत्येक समूह का नेतृत्व एक क्लस्टर हैड करेगा जो अपने अधीन आने वाले स्कूलों की आवश्यकताओं, कमियों और संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष नज़र रखेगा। यदि किसी स्कूल में अध्यापक का पद रिक्त है या किसी प्रकार के साधन की कमी है, तो उसकी जानकारी समय पर विभाग तक पहुंचाई जाएगी और कमी को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस व्यवस्था से मिडिल स्कूल के छात्र हाई तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में जाकर आई लैब, डिजिटल लैब और अन्य आधुनिक सुविधाओं के बारे में सीख सकेंगे। इससे विद्यार्थियों में तकनीकी जागरूकता बढ़ेगी और सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। शिक्षा विभाग के अनुसार, सरकारी स्कूलों में पहले से ही साईंस ऑलंपियाड, खेल प्रतियोगिताएं और विभिन्न सहशैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। अब क्लस्टर स्कूल व्यवस्था जुड़ जाने से शिक्षा प्रणाली और अधिक व्यवस्थित तथा सक्षम बनने की उम्मीद है। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने बताया कि क्लस्टर स्कूल प्रणाली लागू करने की योजना अंतिम चरण में है।

# सीरियल किलर मोनू कुमार को उम्रकैद परिजन बोले : फांसी मिलनी चाहिए थी

## 15 साल पुराने एमबीए छात्रा दुष्कर्म और हत्या केस में चंडीगढ़ की अदालत का बड़ा फैसला

**सरांश मेहरा | चंडीगढ**
**समर न्यूज**

चंडीगढ़ की जिला अदालत ने 15 वर्ष पुराने दिल दहलाने वाले एमबीए छात्रा बलात्कार और हत्या मामले में सीरियल किलर मोनू कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। फैसले के बाद पीड़िता के माता-पिता ने कहा कि "इतना जघन्य अपराध करने वाले को फांसी की सज़ा दी जानी चाहिए थी।

यह मामला वर्ष 2010 का है, जब चंडीगढ़ में रहने वाली एक एमबीए छात्रा का अपहरण, बलात्कार और हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद आरोपी 12 वर्षों तक पुलिस की पकड़ से दूर रहा। उस समय पुलिस ने "अज्ञात आरोपी" के खिलाफ मामला दर्ज किया था और परिवार न्याय की उम्मीद लगभग खो चुका था। लेकिन वर्ष 2022 में हालात बदले। चंडीगढ़ में एक अन्य महिला की हत्या की जांच के दौरान पुलिस को पुराने मामले का पहला सुराग मिला। इसी सुराग के आधार पर टीम ने गहन जांच शुरू की और 100 से अधिक व्यक्तियों के डीएनए टेस्ट, साथ ही 800 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की गई। इसके बाद आरोपी की पहचान मोनू कुमार, निवासी दादू माजरा शाहपुर कॉलोनी, चंडीगढ़ के रूप में हुई। चुनौती यह थी कि अपराध करने के तुरंत बाद मोनू चंडीगढ़ छोड़कर बिहार चला गया था। वह मोबाइल फोन इस्तेमाल नहीं करता था, उसके पास आधार कार्ड या बैंक खाता भी नहीं था, जिससे उसका पता लगाना बेहद कठिन हो गया। वर्ष 2024 में जब मोनू वापस चंडीगढ़ आया, तो पुलिस को एक मुखबिर से उसकी जानकारी मिली और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने न केवल दोनों महिलाओं की हत्या का अपराध कबूला, बल्कि यह भी खुलासा किया कि वर्ष 2008 में उसने हिमाचल प्रदेश के चंबा में भी एक युवती से बलात्कार और हत्या की थी। पुलिस अब आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य संभावित मामलों की भी जांच कर रही है। अदालत के इस फैसले को पीड़िता के परिवार ने राहत तो कहा, लेकिन अपने बयान में दोहराया कि "सीरियल किलर को उम्रकैद नहीं, मौत की सज़ा मिलनी चाहिए थी।"

# सिविल सर्जन ने प्राइमरी हेल्थ सेंटर का किया दौरा

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन ने आज सेक्टर–69 स्थित प्राइमरी हेल्थ सेंटर का दौरा कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में उपचार के लिए आने वाले मरीजों से बातचीत की और सेवाओं में और सुधार के लिए उनके सुझाव भी सुने। डॉ. जैन ने सेंटर के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और ओपीडी सेवाओं, मुफ्त दवाइयों एवं जांचों, साफ-सफाई व्यवस्था तथा चिकित्सा उपकरणों की स्थिति का जायज़ा लिया। सिविल सर्जन ने बताया कि उनके दौरे का मुख्य उद्देश्य सेंटर के कामकाज तथा लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना था। उन्होंने कहा कि प्राइमरी हेल्थ सेंटर में जांच, इलाज, दवाइयों का वितरण तथा कई प्रकार के मेडिकल टेस्ट पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध हैं।

# चंडीगढ़ नगर निगम की हाउस बैठक बनी हंगामे का मंच

## 24 घंटे जलापूर्ति योजना पर सत्ता विपक्ष में तीखी तल्खी



**समर न्यूज | चंडीगढ़**

चंडीगढ़ नगर निगम की हाउस बैठक शुक्रवार को 24 घंटे पेयजल आपूर्ति परियोजना पर गहन चर्चा के दौरान लगातार हंगामे का मंच बन गई। जैसे-जैसे चर्चा आगे बढ़ी, सत्ता पक्ष और विपक्षी पार्षदों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई, जो देखते ही देखते आरोप–प्रत्यारोप में बदल गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने इस परियोजना को पूरी तरह खारिज करने की मांग करते हुए इसे अव्यावहारिक और आम जनता पर बोझ डालने वाला कदम बताया। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि मेयर को बैठक कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी।

बैठक के दौरान कांग्रेस पार्षद गुरप्रीत गाबी ने 24 घंटे जलापूर्ति परियोजना को "सफेद हाथी" करार दिया और कहा कि इस योजना का व्यावहारिक लाभ जनता को नहीं मिलेगा, बल्कि यह नगरपालिका बजट और उपभोक्ताओं दोनों पर अतिरिक्त दबाव डालेगी। उनका कहना था कि परियोजना को लागू करने के लिए भारी धनराशि की आवश्यकता होगी, जबकि शहर की मौजूदा जलापूर्ति संरचना पहले से ही कई चुनौतियों से जूझ रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मेयर अनूप गुप्ता ने कहा कि फिलहाल सदन में परियोजना की केवल स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई है, अंतिम प्रस्ताव नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतिम प्रस्ताव में कई विकल्प शामिल किए जाएंगे, जिसके आधार पर सदन निर्णय ले सकेगा। अनूप गुप्ता ने यह भी बताया कि शहर की लगभग 80 प्रतिशत पाइपलाइन पुरानी है और इन्हें बदले बिना 24 घंटे पानी मुहैया कराना संभव नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि पाइपलाइन को 5, 10, 15 और 20 साल की योजना के अनुसार चरणबद्ध रूप से बदला जाए ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से विकसित हो सके। गुप्ता ने परियोजना से जुड़े वित्तीय पहलुओं पर भी रोशनी डाली। उनके मुताबिक, इस योजना के लिए लिया जाने वाला लोन ब्याज सहित कैसे चुकाया जाएगा, इसके साथ मिलने वाली ग्रांट की शर्तें क्या हैं, और भविष्य में इससे नगर निगम तथा उपभोक्ताओं पर क्या आर्थिक प्रभाव पड़ेगा—इन सभी बिंदुओं को हाउस के सामने पारदर्शी ढंग से रखा जाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी बड़ी परियोजना को लागू करने से पहले उसकी तकनीकी, वित्तीय और व्यावहारिक व्यवहार्यता का विस्तार से मूल्यांकन करना बेहद ज़रूरी है। मेयर ने सदन को आश्वस्त किया कि इस परियोजना पर विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट अगली बैठक में दोबारा पेश की जाएगी, ताकि सभी पार्षद तथ्यात्मक जानकारी के आधार पर चर्चा कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता जनता के हित को ध्यान में रखते हुए व्यवहारिक और टिकाऊ समाधान ढूंढना है। लगातार बढ़ते हंगामे, नारेबाज़ी और बहसबाज़ी के कारण बैठक का माहौल बार-बार बिगड़ता रहा। अंततः, स्थिति को नियंत्रित करने और पार्षदों को शांत करवाने के लिए मेयर ने बैठक की कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला लिया। बाद में बैठक पुनः शुरू की गई, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि 24 घंटे जलापूर्ति योजना आने वाले दिनों में भी निगम राजनीति का प्रमुख मुद्दा बनी रहेगी। ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है, जिसे इमरजेंसी जागरूकता, तैयारी और फोर्टिस पर एक भरोसेमंद हेल्थकेयर पार्टनर के रूप में विश्वास बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। इस व्यापक प्रयास के माध्यम से फोर्टिस हेल्थकेयर कम्युनिटी हेल्थ और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है—इमरजेंसी तैयारी को अस्पताल से बाहर, रोजमर्रा की ज़िंदगी तक पहुंचाते हुए।'फोर्टिस है ना' कैंपेन, इमरजेंसी और ट्रॉमा सर्विसेज़ को बढ़ावा देने के लिए फोर्टिस की बड़ी पहल का हिस्सा है, जिसमें समय पर हस्तक्षेप, विशेषज्ञ देखभाल और कम्युनिटी के भरोसे पर ज़ोर दिया गया है। हॉस्पिटल अनुभवी प्रोफेशनल्स और आधुनिक सुविधाओं के साथ विश्वस्तरीय इमरजेंसी मेडिकल केयर प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह इमरजेंसी कैंपेन चौबीसों घंटे इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर देने की फोर्टिस की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# लेखक बेक्स की दूसरी पोएट्री बुक 'चिट्टे प्रछावें' का लोकार्पण

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

इंटरनेशनल लिटरेरी फोरम (रजि.) ने डिस्ट्रिक्ट लैंग्वेज ऑफिस साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर के सहयोग से ग़ज़ल लेखक भूपिंदर सिंह बेक्स की दूसरी पोएट्री बुक 'चिट्टे प्रछावें' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत लैंग्वेज विभाग के विभागीय गीत 'धनु लेखरी नानका' से हुई।

मुख्य अतिथि एस. कुलवंत सिंह विधायक, काबिल कवि एवं समीक्षक प्रो. सुखदेव सिंह सिरसा, प्रो. सुरजीत जज, डॉ. गुरमिंदर सिद्धू, प्रेस क्लब मोहाली के अध्यक्ष सुखदेव सिंह पटवारी तथा पुस्तक के लेखक भूपिंदर बेक्स मंच पर मौजूद थे। मुख्य अतिथि कुलवंत सिंह ने कहा कि आज के दौर में 'चिट्टे प्रछावां' जैसी शायरी की आवश्यकता है, ताकि इंसान सही दिशा में आगे बढ़ सके। उन्होंने फोरम को भविष्य में भी ऐसे साहित्यिक आयोजन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रो. सुरजीत जज ने कहा कि अब पंजाबी ग़ज़ल उर्दू के प्रभाव से बाहर निकलकर स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ रही है। उन्होंने फोरम के आयोजन की भी प्रशंसा की। सुखदेव सिंह पटवारी ने समाज के लिए लेखक द्वारा किए जा रहे योगदान पर प्रकाश डाला। जगतार सिंह जोग ने ग़ज़ल 'दिल दे मेहरम' और बीबा जतिंदर कौर ने टप्पे गाए। मौजूद कवियों पर आधारित कवि दरबार का शुभारंभ करते हुए ग़ज़लकार रमन संधू ने सुंदर शेर पढ़े। कवि शब्दीश ने तरन्नुम में ग़ज़ल सुनाई, अमरजीत पटियालवी ने शाहिराना अंदाज़ में प्रभावी शेर पढ़े, प्यारा सिंह राही ने ग़ज़लें प्रस्तुत कीं, बाबू राम दीवाना ने गुरु तेग बहादुर की शहादत को नमन करते हुए नज़्में सुनाईं, कुलदीप दीप ने गीत गाए तथा सरवन सबर और हरजीत सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मंच द्वारा डॉ. गुरमिंदर सिद्धू को दीवान सिंह मेहरम मेमोरियल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। गुरनाम कंवर ने डॉ. सिद्धू के सम्मान-पत्र का वाचन किया। मंच पर सुखदेव सिंह पटवारी, डॉ. अनिल अंगरिश और डॉ. मनजिंदर गिल को भी सम्मानित किया गया।

# पंचकूला पुलिस लाइन में लगाया गया मुफ्त हेल्थ चेकअप कैंप

## करीब 100 पुलिसकर्मियों ने कराई जांच

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**

पंचकूला के सेक्टर-26 स्थित पुलिस लाइन में आज ट्रैफिक पुलिस पंचकूला द्वारा एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और अल्केमिस्ट हॉस्पिटल के सहयोग से पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनका स्वागत सुप्रीत सिंह टूटेजा ने गुलदस्ता भेंट कर किया।

शिविर में अल्केमिस्ट हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की। टीम में ईसीजी विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ और मेडिकल स्पेशलिस्ट सहित अन्य चिकित्सक शामिल थे। शिविर के दौरान लगभग 100 लोगों की फ्री स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक



चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस की ओर से सुप्रीत सिंह टूटेजा (डिप्टी रीजनल हेड), जतिन शर्मा (रीजनल मैनेजर) और कुंवर किशोर व्यास (रीजनल ट्रेनर) विशेष रूप से मौजूद रहे। चिकित्सकों की टीम में डॉ. अमित जिंदल और डॉ. संदीप जिंदल शामिल रहे। पुलिस विभाग की ओर से एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह, सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिन्द्र कुमार तथा अन्य पुलिसकर्मियों ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। पंचकूला पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे डॉक्टरों, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के अधिकारियों और पूरी आयोजन टीम का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह की पहलें पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करता रहेगा।

# पंचकूला पुलिस के तीन इंस्पेक्टर हुए सेवानिवृत्त

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**



आज पंचकूला के सेक्टर-26 स्थित पुलिस लाइन में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में पंचकूला पुलिस के तीन अधिकारियों—इंस्पेक्टर सुभाष चंदर, लेडी इंस्पेक्टर सुनीता और इंस्पेक्टर अजमेर सिंह—को विभाग की ओर से सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग ने तीनों अधिकारियों को ढोल-नगाड़ों की धुन और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच खुशी-खुशी विदा किया।

कार्यक्रम में उनके पूरे सेवाकाल के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों, महत्वपूर्ण उपलब्धियों और ड्यूटी के प्रति समर्पण को विस्तार से बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि तीनों अधिकारियों ने अपने-अपने सेवाकाल में अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल कायम की है, जो आने वाली पुलिस पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "आप तीनों न केवल पुलिस बल का अहम हिस्सा रहे हैं, बल्कि आपने हमारी कार्यशैली को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विभाग को आपके अनुभव पर गर्व है। आप पंचकूला पुलिस का हिस्सा थे, हैं और हमेशा रहेंगे। भविष्य में यदि किसी सुधार की आवश्यकता महसूस हो तो हमें अवश्य मार्गदर्शन दें।" उन्होंने अधिकारियों के परिवारजनों की भूमिका की भी सराहना की और कहा कि "पुलिसकर्मी का परिवार ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होता है।"

पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने भी तीनों अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि इंस्पेक्टर सुभाष चंदर, लेडी इंस्पेक्टर सुनीता और इंस्पेक्टर अजमेर सिंह ने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर पुलिस विभाग की साख को मजबूत किया है। "आपकी निष्ठा, अनुशासन और जनता के प्रति संवेदनशीलता हमेशा याद रखी जाएगी। मैं आपके स्वस्थ, सुखद और सफल भविष्य की कामना करता हूँ।" इसी दौरान डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने भी उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि तीनों अधिकारियों ने हर परिस्थिति में फील्ड में मजबूती से खड़े रहकर कई महत्वपूर्ण चुनौतियों को सफलतापूर्वक संभाला है।

# फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली ने ट्रैफिक पुलिस के साथ हेलमेट सेफ्टी ड्राइव शुरु की

## मोहाली में अधिक ट्रैफिक वाले इलाकों में करीब 100 हेलमेट और फ़र्स्ट-एड बुकलेट बांटी गईं

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

फोर्टिस हेल्थकेयर ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और टू-व्हीलर दुर्घटनाओं से होने वाली इमरजेंसी को रोकने के उद्देश्य से पूरे देश में हेलमेट सेफ्टी कैंपेन शुरू किया है। यह अभियान फोर्टिस की विभिन्न लोकेशनों पर स्थानीय ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से चलाया जा रहा है। देशभर में फोर्टिस हॉस्पिटलों के आसपास अधिक ट्रैफिक वाले क्षेत्रों में 1,500 से अधिक हेलमेट और फर्स्ट-एड बुकलेट वितरित की जा रही हैं। फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली ने इस पहल के तहत अपने परिसर के पास बिना हेलमेट पाए गए राइडरों को लगभग 100 ब्रांडेड हेलमेट और फर्स्ट-एड बुकलेट उपलब्ध करवाईं। लोगों से सीधे संवाद के लिए एक विशेष कियोस्क भी स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन एसपी ट्रैफिक नवनीत महल और डीएसपी करनैल सिंह ने किया। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए कार्यक्रम में एक प्रमोटर को यमराज की पोशाक में शामिल किया गया, जो असुरक्षित ड्राइविंग के दुष्परिणामों का प्रतीक था। इस चरित्र ने हेलमेट वितरित करने के साथ ही राइडर्स से बातचीत कर उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व और हेलमेट की अनिवार्यता के बारे में जागरूक किया। इस तरह का रचनात्मक प्रयास लोगों का ध्यान आकर्षित करने, संदेश को प्रभावी रूप से पहुंचाने और रोड सेफ्टी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक है। यह




पहल "फोर्टिस है ना" कैंपेन का हिस्सा है, जो तैयारी, समय पर प्रतिक्रिया और जिम्मेदार व्यवहार पर आधारित है। फोर्टिस हेल्थकेयर की चीफ ग्रोथ एवं इनोवेशन ऑफिसर डॉ. रितु गर्ग के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य हेलमेट के जीवन रक्षक महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उनका कहना है कि एक छोटी-सी सावधानी गंभीर चोटों और बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती है। वहीं, फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के एसबीयू हेड अभिजीत सिंह ने कहा कि यह पहल केवल हेलमेट वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़कों पर जिम्मेदारी की संस्कृति को मजबूत करने का प्रयास है। यह ड्राइव "फोर्टिस है ना" कैंपेन की ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन रणनीति का अहम हिस्सा है, जो इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर सेवाओं को मजबूत करते हुए कम्युनिटी में सुरक्षा, जागरूकता और भरोसा बढ़ाने का लक्ष्य रखती है।

# पत्रकारिता बदलती रहेगी, लोगों से जुड़ाव ही पत्रकार की सबसे बड़ी ताकतः डॉ. आशुतोष

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

रेडियो और दूरदर्शन में 35 साल से अधिक का अनुभव रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार और मीडिया शिक्षाविद् डॉ. आशुतोष मिश्रा ने अपनी पत्रकारिता यात्रा और वर्तमान मीडिया परिदृश्य पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि उनका करियर युवा बानी चैनल से शुरू हुआ, जहां उन्हें 100 रुपये प्रति घंटे मिलते थे। महीने में केवल 4–5 कार्यक्रम बन पाते थे, लेकिन यह अनुभव आगे चलकर बेहद उपयोगी साबित हुआ। इसके बाद उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो में अनाउंसर के रूप में काम किया और दूरदर्शन के हरियाणा बुलेटिन में खबरें पढ़कर लोकप्रियता हासिल की। उनके अनुसार, "आवाज़ की दुनिया हमेशा अद्भुत रही है रेडियो पहले भी लोकप्रिय था, आज भी है और आगे भी रहेगा। दूरदर्शन की



डॉ. आशुतोष मिश्रा - समर न्यूज

भूमिका पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह हमेशा निष्पक्ष और विश्वसनीय माध्यम रहा है। दूरदर्शन का बुलेटिन आज भी 150 देशों में प्रसारित होता है और भरोसेमंद सूचना स्रोत के रूप में पहचाना जाता है। पत्रकारिता में डिग्री की आवश्यकता पर उन्होंने स्पष्ट किया कि "भाषा, समाज और राजनीति की समझ रखने वाला व्यक्ति ही सफल पत्रकार बनता है," हालांकि डिग्री या डिप्लोमा से युवाओं में अतिरिक्त निखार आता है। लड़कियों की बढ़ती भागीदारी को उन्होंने पत्रकारिता की सबसे सकारात्मक बदलावों में से एक बताया—"वे हर क्षेत्र में शानदार काम कर रही हैं। पीड़ितों को न्याय दिलाने में पत्रकार की भूमिका पर उन्होंने कहा कि यदि किसी रिपोर्ट से सामाजिक बदलाव आता है, तो यह पत्रकारिता की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। आज के पत्रकारों को संदेश देते हुए उन्होंने सावधान किया कि खबरें जल्दबाज़ी में नहीं लिखनी चाहिए और सनसनी से बचना चाहिए। 1995 से पंजाब में शुरू हुई 30 साल की पत्रकारिता यात्रा को याद करते हुए उन्होंने प्रिंट मीडिया, टीवी, सोशल मीडिया से होते हुए अब AI के दौर को एक नई चुनौती बताया। उनके अनुसार, "AI एक उपकरण है—इसे कैसे उपयोग किया जाए, यह हमारे हाथ में है।" अंत में उन्होंने कहा कि ईमानदारी, भाषा की समझ और लोगों के बीच रहकर उनकी नब्ज पहचानने की क्षमता ही पत्रकार की सबसे बड़ी ताकत है, जो हर दौर में उसे सफल बनाती है।

# मिल्कफेड पंजाब ने 20 चिल्ड रोड मिल्क टैंकरों के पहले बैच को हरी झंडी दिखाई

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**



वर्ल्ड मिल्क डे के अवसर पर मिल्कफेड पंजाब, जो अपने प्रमुख ब्रांड वेरका के लिए जाना जाता है, ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में 20 अत्याधुनिक चिल्ड रोड मिल्क टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर दूध संग्रहण एवं आपूर्ति ढांचे को और मजबूत बनाया है।

मिल्कफेड के चेयरमैन नरिंदर सिंह शेरगिल ने बताया कि इन टैंकरों की क्षमता 10,000 लीटर है और इन्हें वेरका मिल्क प्लांट, मोहाली से रवाना किया गया। यह पहल मिल्कफेड के बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसके तहत कुल 60 आधुनिक मिल्क टैंकर शामिल किए जाएंगे। लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से खरीदे जा रहे ये टैंकर पंजाब भर की गांव-स्तरीय मिल्क सोसाइटियों से एकत्रित दूध के सुरक्षित, भरोसेमंद और पूर्णतः तापमान नियंत्रित परिवहन को सुनिश्चित करेंगे।

चेयरमैन शेरगिल ने कहा कि यह नया फ्लीट प्रोसेसिंग प्लांट्स तक ताज़ा एवं उच्च गुणवत्ता वाला दूध पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा, जहां दूध का पाश्चुराइजेशन कर उसे दूध, दही, लस्सी, पनीर, मक्खन, घी और फ्लेवर्ड मिल्क जैसे विभिन्न डेयरी उत्पादों में परिवर्तित किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह पहल डेयरी सेक्टर की प्रगति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।

# सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया फ्री आई चेकअप कैंप, मरीज़ों ने करवाई आंखों की जांच

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) ने मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के सहयोग से एक फ्री आई चेकअप कैंप लगाया। यह कैंप कुराली में विश्वकर्मा भवन के पास बस स्टैंड पर आयोजित किया गया, जिसमें एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम ने 1000 से अधिक मरीज़ों की आंखों की जांच की। डॉ. आशीष कुमार के मुताबिक, इस दौरान 142 से अधिक मरीज़ों को सर्जरी करवाने की सलाह दी गई। ट्रस्ट और मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि इन मरीज़ों तक पहुंचकर ऑपरेशन करवाने की व्यवस्था करेंगे। कैंप का उद्घाटन सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट की जिला मोहाली यूनिट के प्रेसिडेंट कवलजीत सिंह रूबी ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत



में बताया कि ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. एस.पी. सिंह उबरई पंजाब के लोगों को लगातार स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं और ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह 706वां फ्री आई चेकअप कैंप है। उन्होंने कहा कि सुबह से ही बड़ी संख्या में मरीज अपनी आंखों की जांच करवाने पहुंचे, जो इस कैंप की सफलता और लोगों के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने आगे बताया कि आने वाले दिनों में डेराबस्सी हलके में भी फ्री आई चेकअप कैंप आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी डॉ. गुरमुख सिंह, डॉ. राज कुमार, डॉ. रघवीर सिंह, डॉ. अशेष बजाज, डॉ. जगदीश लाल, डॉ. बलदेव सनेटा, हरविंदर कौशिक, डॉ. धर्मिंदर सिंह, डॉ. प्रितपाल सिंह, डॉ. निर्मल सिंह, डॉ. सुखविंदर सिंह, डॉ. बलजिंदर सिंह, डॉ. रामपाल सिंह, डॉ. भूपिंदर सिंह, डॉ. गुरनाम सिंह, डॉ. प्रिंस, डॉ. परमजीत सिंह, डॉ. उमादत, विजय शर्मा, डॉ. लखवीर सिंह, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. अवतार सिंह और डॉ. हरमेश लाला भी उपस्थित थे।

# अविका गौर बनीं 'शादीशुदा पागलू'



मुंबई। नवंबर का महीना अपने साथ हवा में हल्की सी ठंड के साथ शादियों की रौनक लेकर आता है। इसका आम इंसान के साथ-साथ मनोरंजन जगत के लोग भी इंतजार करते हैं।

इसी बीच अभिनेत्री अविका गौर ने एक पोस्ट शेयर की। बुधवार को अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वे इंडो-वेस्टर्न स्टाइल की ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। सबसे खास बात यह है कि उन्होंने इसे सुहागन वाला लुक दिया है। माथे पर लाल सिंदूर, गले में मंगलसूत्र और चेहरे पर हल्का-सा मेकअप, अविका बिल्कुल नई-नवेली दुल्हन लग रही हैं। वो सोफे पर आत्मविश्वास के साथ बैठकर पोज दे रही हैं। तस्वीर पोस्ट कर अविका ने मजेदार अंदाज में लिखा, "शादी का मौसम आ गया है और एक नई-नवेली दुल्हन होने के नाते मुझे सिंदूर और मंगलसूत्र पहनकर सजने का मौका मिल रहा है। अब मैं आधिकारिक तौर पर 'शादीशुदा पागलू' बन गई हूं। क्या किसी और ने भी यह दौर देखा है?"

अभिनेत्री की ये पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रही है। वे उनकी तस्वीर पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं और कमेंट सेक्शन में तरह-तरह की प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, "आप इस लुक में प्यारी लग रही हैं।"

अभिनेत्री ने हाल ही में लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से 'पति-पत्नी और पंगा' शो के सेट पर शादी रचाई थी।

'बालिका वधू' में छोटी आनंदी का किरदार निभाकर घर-घर में पहचान बनाने वाली अविका शादीशुदा जिंदगी को खुलकर एंजॉय कर रही हैं।

मिलिंद चंदवानी 'रोडीज' के एक्स-कंटेस्टेंट रह चुके हैं और एक सोशल एक्टिविस्ट भी हैं। दोनों की पहली मुलाकात 2020 में कॉमन फ्रेंड्स के जरिए हुई थी। अविका को तो पहली ही मुलाकात से कनेक्शन महसूस हो गया था, लेकिन मिलिंद ने थोड़ा वक्त लिया। धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई और कोरोना काल में दोनों ने अपने रिश्ते को एक पोस्ट के जरिए ऑफिशियल किया था।

# बधाई, बोले-खुशकिस्मत हूं



मुंबई। एक्ट्रेस यामी गौतम के 37वें जन्मदिन पर पति और फिल्म निर्माता-निर्देशक आदित्य धर ने सोशल मीडिया के जरिए खास अंदाज में बधाई दी। आदित्य ने खुद को खुशनसीब बताते हुए कहा यामी उनकी फेवरेट इंसान हैं। आदित्य धर ने इंस्टाग्राम पर यामी के एक वीडियो मोंटाज को पोस्ट करते हुए भावुक कैप्शन भी लिखा। आदित्य ने यामी को बधाई देते हुए लिखा, "हैप्पी बर्थडे यामी। तुम मेरी पसंदीदा इंसान हो, जिससे बात करना, जिसके साथ हंसना, जिसके साथ चीजें प्लान करना achcha । इतना देने वाला, इतना ख्याल रखने वाला और तुम्हारा मेरी जिंदगी में होने के लिए धन्यवाद।" उन्होंने आगे लिखा, " मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे यह जिंदगी तुम्हारे साथ जीने को मिली। मेरी जिंदगी का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद। आई लव यू!"

पति के पोस्ट पर यामी ने रिप्लाई देते हुए लिखा, "मैं अभी बहुत इमोशनल हूं। हर चीज के लिए शुक्रिया, मैं भी तुमसे बहुत प्यार करती हूं।"

यामी गौतम को उनकी बहन सुरीली गौतम ने भी जन्मदिन की खास तस्वीरों के साथ खास अंदाज में शुभकामनाएं दीं। इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, "सबके दिलों की रानी यामी को जन्मदिन की ढेरों बधाई। सबसे खूबसूरत, सबका केयर करने वाली, सबसे करिश्माई और सबसे प्यार करने वाली दीदी आई लव यू। भगवान करे तुम्हें हमेशा खुशियां और सफलता मिलती रहे। हैप्पी बर्थडे दीदी ।"

पोस्ट में सुरीली, यामी को शादी में चूड़ा पहनाती नजर आ रही हैं।

यामी गौतम और आदित्य धर की लव स्टोरी भी किसी फिल्म से कम नहीं है।

दोनों की मुलाकात साल 2019 में रिलीज फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के सेट पर हुई थी। आदित्य ने यह फिल्म डायरेक्ट की थी, जिसमें यामी ने एक अंडरकवर रॉ एजेंट का किरदार निभाया था।

फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों में दोस्ती हुई और धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। इसके बाद साल 2021 में दोनों ने हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में सिंपल तरीके से शादी कर ली थी।

# टी-20 विश्व कप विजेता दृष्टिबाधित महिला टीम से मिले प्रधानमंत्री मोदी

## कहा, आपकी जीत पूरे देश की प्रेरणा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर टी-20 क्रिकेट विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों के हौसले, संघर्ष और देश के लिए किए गए गौरवपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए कहा कि "कड़ी मेहनत करने वाले खिलाड़ी सिर्फ मैदान में ही नहीं, जीवन में भी कभी विफल नहीं होते।" प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, दृढ़ता और टीम भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी जीत वंदे मातरम के 150 वर्षों के महत्व की तरह ही एकता और राष्ट्रीय गौरव का संदेश देती है। उन्होंने टीम की एक खिलाड़ी द्वारा गाए गए भजन की चर्चा की और इसे काशी की आध्यात्मिक धारा से जोड़ते हुए उनकी संगीत प्रतिभा की भी तारीफ की। हास्यपूर्ण अंदाज़ में प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों की बहुमुखी प्रतिभा की तुलना राजनीति से करते हुए कहा कि जैसे राजनीति में कोई मंत्री, विधायक या सांसद बनता है, वैसे ही खिलाड़ी भी हरफनमौला भूमिका निभाते हैं।

मुलाक़ात के दौरान खिलाड़ियों ने सामाजिक पूर्वाग्रहों, पारिवारिक कठिनाइयों और चुनौतियों को पार करने की अपनी प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं। एक खिलाड़ी ने भावुक होकर अपने दिवंगत पिता का सपना याद किया और कहा कि प्रधानमंत्री से मिलना उनके पिता की इच्छा का पूरा होना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीम की यह उपलब्धि न केवल दिव्यांगजनों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा है।

उन्होंने कहा कि यह जीत भारत के युवाओं की शक्ति, जिजीविषा और संकल्प का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके समर्पण और उत्साह ने देशभर में अनगिनत लोगों को प्रेरित किया है। टी-20 विश्व कप खिताब जीतने वाली टीम के प्रति प्रधानमंत्री की यह सराहना देशभर में उत्साह और गर्व की नई लहर लेकर आई है।

# भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम के हेड कोच बने सैंटियागो नीवा

नई दिल्ली। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने सैंटियागो नीवा को महिला नेशनल बॉक्सिंग टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। नीवा साल 2017 से 2021 तक भारत के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं। भारत के साथ नीवा के पिछले कार्यकाल ने देश के हाई-परफॉर्मेंस स्ट्रक्चर पर गहरी छाप छोड़ी है। ऐसे में स्वीडिश टैक्टिशियन टीम को और बेहतर बनाने के मकसद से भारतीय खेमे में वापस आ रहे हैं। नीवा के मार्गदर्शन में भारतीय बॉक्सिंग ने 2019 मेन्स वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक जीते, जिसमें अमित पंघाल ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया था,




जबकि मनीष कौशिक ने देश को ब्रॉन्ज जिताया। इसके बाद भारत ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में अब तक की सबसे बड़ी ओलंपिक बॉक्सिंग टीम उतारी, जहां लवलीना बोरगोहेन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

लॉस एंजिल्स 2028 के मद्देनजर नीवा सभी वेट कैटेगरी में भारतीय महिला खिलाड़ियों को मेडल की दावेदार बनाने पर काम करेंगे।

# भारत में कॉमनवेल्थ गेम्स के आयोजन से युवा पीढ़ी को मिलेगी प्रेरणा, बढ़ेंगे मेडलः लवलीना बोरगोहेन



गांधीनगर। भारत कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी करने जा रहा है। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने इसे लेकर खुशी जताई है। उनका मानना है कि इससे खिलाड़ियों को अधिक मौके मिलते हैं। वे इससे प्रेरित होते हैं। गांधीनगर में स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने 2030 में आयोजित होने जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स को लेकर कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में देश में स्पोर्ट्स कल्चर काफी डेवलप हुआ है। भारत में कॉमनवेल्थ गेम्स के आयोजन से देश को मिलने वाले मेडल की संख्या में इजाफा होगा। इसके साथ ही देश को आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा। उनका मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के कारण यह संभव हो सका है। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने आईएएनएस से कहा, " जब छोटे बच्चे देखते हैं कि भारत में इस तरह के खेल हो रहे हैं, तो इससे उन्हें बहुत प्रेरणा मिलती है। जब मैं 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स देखती थी तो सोचती थी कि मैं भी भारत का प्रतिनिधित्व करूंगी। अब जब यह भारत में हो रहा है तो इसकी बहुत खुशी है। जब कॉमनवेल्थ गेम्स दूसरे देशों में हो रहा हो, तो बहुत सारे लोग वहां जाकर इसे नहीं देख पाते, लेकिन जब यह भारत में हो रहा है, तो बहुत सारे छोटे बच्चे इसे देख सकते हैं। यह बहुत बड़ी बात है। इसका आयोजन गुजरात में हो रहा है, जो यहां के खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी बात है। हमें लगता है कि यह एक बड़ा मौका है।" ओलंपिक पदक विजेता ने कहा, "पहले क्रिकेट को बहुत महत्व दिया जाता था, लेकिन पीएम मोदी ने दूसरे खेलों को लेकर लोगों में दिलचस्पी पैदा की है। वह दूसरे खेलों के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं। यह बहुत बड़ी बात है। सरकार अच्छा काम कर रही है।" कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी अहमदाबाद शहर को मिली है। इसकी मेजबानी के लिए भारत का मुकाबला नाइजीरिया के अबुजा से था, लेकिन कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने अफ्रीकी देश को 2034 के एडिशन के लिए विचार में रखने का फैसला किया।

# फॉरेस्ट ने माल्मो को 3-0 से रौंदा, रोमा और विला ने जीते मुकाबले



नॉटिंघमशायर। नॉटिंघम फॉरेस्ट ने माल्मो एफएफ को 3-0 से मात देकर यूरोपा लीग में तीन प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। मुकाबले के 27वें मिनट कप्तान रायन येट्स ने गोल दागकर नॉटिंघम फॉरेस्ट का खाता खोला। इसी के साथ टीम ने मुकाबले में 1-0 से लीड हासिल कर ली। मुकाबले के 44वें मिनट अर्नॉड कलिमुएंडो ने गोल करते हुए फॉरेस्ट की लीड को दोगुना कर दिया। माल्मो एफएफ की टीम 0-2 से पिछड़ गई थी। टीम लगातार गोल करने की कोशिश करती रही, लेकिन इसी बीच 59वें मिनट में निकोला मिलेंकोविक ने गोल दागकर फॉरेस्ट को 3-0 से आगे कर दिया। यहां से माल्मो की टीम दबाव से बाहर नहीं निकल सकी। इस जीत के साथ नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 8 प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। फॉरेस्ट टेबल में 16वें नंबर पर आ गई है। दूसरी ओर, माल्मो के पास 1 अंक है। यह टीम 34वें पायदान पर मौजूद है।

एक अन्य मैच में, रोमा ने मिड्टजिलैंड को 2-1 से शिकस्त देकर पहली घरेलू जीत दर्ज की। इस टीम के लिए नील एल ऐनाउई और स्टीफन ऐल शरावी मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने एक-एक गोल किए।

# पुरुष अंडर-19 एशिया के लिए भारतीय टीम घोषित, आयुष म्हात्रे को मिली टीम की कमान




मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुष अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट दुबई में 12-21 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। आयुष म्हात्रे को भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है। पुरुष अंडर-19 एशिया कप में भारत को ग्रुप ए में रखा गया है। टीम इंडिया के साथ पाकिस्तान को भी इस ग्रुप में शामिल किया गया है, जबकि दो अन्य टीमें क्वालीफायर के जरिए इस ग्रुप में अपनी जगह बनाएंगी। ग्रुप बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान के साथ क्वालीफाई करने वाली एक अन्य टीम भी शामिल होगी।

अंडर-19 एशिया कप में 8 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं। यह टूर्नामेंट 12 दिसंबर से शुरू होगा। पहले ही मैच में टीम इंडिया दुबई के आईसीसी एकेडमी ग्राउंड में क्वालीफायर 1 से भिड़ेगी। ठीक उसी दिन पाकिस्तान द सेवन स्टेडियम में क्वालीफायर 3 को चुनौती देगा।

14 दिसंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मैच का आयोजन होगा। हर ग्रुप से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 19 दिसंबर को होगा। विहान मल्होत्रा को पुरुष अंडर-19 एशिया कप में भारत का उपकप्तान बनाया गया है, जबकि एशिया कप राइजिंग स्टार्स में अपनी हिटिंग काबिलियत दिखाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी भारत के लिए टॉप-ऑर्डर बैटिंग की अगुआई करेंगे।

इस टीम में राहुल कुमार, जे. हेमचूडेशन, बीके किशोर और आदित्य रावत को बतौर स्टैंडबाय रखा गया है, जो टीम को मजबूती और भरोसेमंद बैकअप सपोर्ट देते हैं। भारत ने रिकॉर्ड 8 बार इस टूर्नामेंट को अपना नाम किया है। पिछली बार भारत को फाइनल में बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा था।

एशिया कप के लिए भारत की अंडर-19 टीमः आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उप कप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, नमन पुष्पक, डी. दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह (फिटनेस क्लियरेंस पर निर्भर), उद्धव मोहन, एरॉन जॉर्ज।

स्टैंडबाय खिलाड़ीः राहुल कुमार, जे. हेमचूडेशन, बीके किशोर, आदित्य रावत।

# दिवंगत बलवीर सिंह ग्रेवाल की अंतिम अरदास में पहुंचे हजारों लोगो ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## विधानसभा स्पीकर कुलतार संधवा, कैबिनेट मंत्री हरदीप मुंडिया,पंजाब के कई विधायकों ने शोकग्रस्त परिवार के साथ किया दुख का प्रगट

**दलजीत विक्की/लक्की मेहता**
**समर न्यूज़।लुधियाना**





उपस्थित जनसमूह, स्वर्गीय बलवीर सिंह ग्रेवाल के फोटो, पंडाल में विराजमान गुरु ग्रंथ साहिब जी। - समर न्यूज़

हल्का पूर्वी से विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल के पिता सरदार बलबीर सिंह ग्रेवाल बीते 21 नवंबर शनिवार प्रातः अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु चरणो में लीन हो गये थे।शुक्रवार को उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब का भोग व उनकी अंतिम अरदास तथा श्रद्धांजलि सभा गुरु गोबिंद सिंह नगर, टिब्बा रोड में संपन हुई।उनकी अंतिम अरदास व श्रद्धांजलि सभा में शहर की विभिन्न राजनीतिक,धार्मिक समाजिक,व्यापारिक संस्था प्रतिनिधि सहित उच्च अधिकारियों ने स्वर्गीय सरदार बलवीर सिंह ग्रेवाल के चित्र पर पुष्प भेंट कर अपनी भावभीनी श्रधांजलि भेंट कर श्रद्धासुमन अर्पित किया,और शोक ग्रस्त परिवार के सदस्यों के साथ अपनी संवेदना प्रकट की।

अंतिम अरदास में श्री अखंड पाठ जी के भोग के दौरान चंडीगढ़ से विशेष तौर पर आए कीर्तन जत्थे के भाई बलविंदर सिंह रंगीला ने शब्द कीर्तन गायन कर पंडाल में बैठे सभी को गुरबानी से जोड़ा और प्रवचन कर कहा कि आत्मा अजर,अमर है मृत्यु केवल शरीर की होती है जिस प्रकार मनुष्य कपड़े पुराने होने के बाद बदलता है उसी प्रकार आत्मा भी एक शरीर को छोड़ दूसरे शरीर में चली जाती है मनुष्य को चाहिये की वो 84 लाख योनियो के बाद मिली इस मानुष जीवन में सदैव अच्छे कर्म करे ताकि वो जन्म मृत्यु के इस इस चक्र से मुक्त हो सके।

स्वर्गीय सरदार बलवीर सिंह ्रेवाल शांत स्वभाव ,समाजिक,उच्च धार्मिक विचारो वाली सर्वगुणी प्रतिभा से सम्पूर्ण व्यक्ति थे और उनके उच्च व धार्मिक विचार हमेशा परिवार के लिये प्रेरणादायक रहे।

परिवार में उनकी प्रेरणा के कारण आज उनके परिवार की धार्मिक,राजनीतिक, समाजिक क्षेत्र में अलग पहचान है जो कि विधायक दलजीत ग्रेवाल को देख कर पता चलता है स्वर्गीय बलवीर सिंह ग्रेवाल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये है।उनकी श्रद्धांजलि सभा में शहर के विभिन्न धार्मिक,सामाजिक,राजनीतिक उद्यौगिक संस्थायो के प्रतिनिधियों ने परिवार के साथ शोक व्यक्त कर उनके चित्र पर पुष्प चढ़ा अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की।

आज उनकी अंतिम अरदास में पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां, कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया, विधायक कुलवंत सिद्धू, विधायक अशोक पाराशर पप्पी, विधायक जीवन सिंह संघोवाल,विधायक मुहम्मद जमेल उर्फ रहमान, विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा, विधायक नरिंदर कौर पराज,पूर्व विधायक पीटर संधू(ब्रह्मप्टन कनाडा), विधायक गैरी वडिंग, डीसी हिमांशु शर्मा, निगम कमीशन आदित्य डचवाल, डीसीपी स्नेहदीप शर्मा, डीसीपी रूपिंदर सिंह, एडीसीपी रमनदीप भुल्लर, मेयर इंदरजीत कौर, पूर्व मंत्री राकेश पांडे, पूर्व विधायक सुरिंदर डाबर,



पूर्व मेयर बलकार संधू, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर,चेयरमैन जोरावर सिंह, साहनेवाल मार्किट कमेटी के चेयरमैन हेमराज राजी, जतिंदर खंगूड़ा,व्यापार विंग सीनियर वाइस चेयरमैन शरणपाल सिंह मक्कर, भाजपा जिला प्रधान रजनीश धीमान, जिला कांग्रेस शहरी के प्रधान संजय तलवाड़, पार्षद पुत्र करण नान्चहल, पार्षद निधि गुप्ता,पार्षद अमन बग्गा,पार्षद अमरजीत सिंह, पार्षद अश्वनी शर्मा गोबी, "सुखमेल सिंह बारू, पार्षद दीपा अनुज चौधरी, पार्षद लखविंदर चौधरी, पार्षद कमल लवली मनोचा, पार्षद जगदीश लाल दिसा,पार्षद सिमरनजीत सिंह सिम्मू, पार्षद पति पिंकू शर्मा, पार्षद अनिल भारद्वाज, पार्षद विपन विनायक, पार्षद, भाजपा नेता जीवन गुप्ता, शिवसेना नेता कृष्ण शर्मा, भाजपा नेता गुरदेव शर्मा देबी, भाजपा नेता यशपाल चौधरी, अजीत पाल सिंह चीमा, बंटी चीमा, बेटी परमजीत कौर, बेटी इंद्रजीत कौर, सतनाम सिंह ग्रेवाल, रणजोध सिंह ग्रेवाल, जगजीत सिंह ग्रेवाल,राजू ग्रेवाल, लक्की ग्रेवाल, अभिषेक गुप्ता, विधायक पी ए गुरशरनदीप सिंह, चरणजीत सिंह चन्नी, जतिंदर सिंह सोढ़ी, अरुण सिंह, गुरमीत सिंह, आशीष विज इंद्रदीप सिंह मिंकू, मोहित सूद, जैन सहित भारी संख्या में लोगो ने पहुँच दुख की घड़ी में ग्रेवाल परिवार से दुख प्रगट किया।सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# जमालपुर रोड पर मोबाइल स्नैच करते पकड़ा गया लुटेरा

## गुस्साए लोगों ने खंभे से बांधकर की पिटाई

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



जमालपुर थाना क्षेत्र के व्यस्त 33 फूटा रोड पर वीरवार देर शाम उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक द्वारा मोबाइल स्नैच करने की कोशिश नाकाम होते ही पूरा इलाका हंगामे में बदल गया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यक्ति सड़क से गुजर रहा था, तभी पीछे से आए एक लुटेरे ने अचानक उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की और भागने लगा। पीड़ित ने तुरंत शोर मचाया, जिसके बाद वहां मौजूद राहगीर और दुकानदार सक्रिय हो गए तथा उन्होंने आरोपी का पीछा किया। कुछ ही दूरी पर लोगों ने लुटेरे को धर दबोचा। भीड़ का गुस्सा देखते ही बना। लोगों ने आरोपी को पकड़कर सड़क किनारे लगे एक खंभे से रस्सियों और बिजली की तारों की सहायता से मजबूती से बांध दिया। इसके बाद मौके पर मौजूद भीड़ ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी।

इस दौरान कई राहगीरों ने पूरे घटनाक्रम को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। कुछ ही मिनटों में वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा, जिससे इलाके में घटना को लेकर चर्चा छिड़ गई।

सूचना मिलते ही थाना जमालपुर पुलिस दल मौके पर पहुंचा और आरोपी को भीड़ से बड़ी मुश्किल से छुड़ाया। पुलिस ने उसे तुरंत अपनी हिरासत में ले लिया और भीड़ को शांत कराया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पकड़ा गया युवक इलाके में पहले भी स्नैचिंग और छोटी-मोटी चोरी की वारदातों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ कई शिकायतें पहले भी दर्ज हो चुकी हैं।

पुलिस ने लुटेरे के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। वहीं, अधिकारियों ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध या आरोपी को खुद सजा देने की बजाय तुरंत पुलिस को सूचना दें।

कानून अपने हाथ में लेने से स्थिति बिगड़ सकती है और किसी निर्दोष को नुकसान भी पहुंच सकता है। पुलिस ने आश्वासन दिया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और इलाके में गश्त बढ़ाई जाएगी ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# लुधियाना पुलिस की बड़ी सफलता, कई चोरी की वारदातों का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना ने जिले में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर नकेल कसते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिलें, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया है। दोनों आरोपियों से की गई पूछताछ में कई चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है, जिससे पुलिस को अन्य वारदातों की जांच में भी अहम सुराग मिले हैं।

जानकारी के अनुसार, ताजपुर चौकी की पुलिस टीम ने 23 नवंबर को नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका, जो मोटरसाइकिल पर आ रहा था। मोटरसाइकिल की मालिकी को लेकर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। तलाशी लेने पर उसकी जेब से 5 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए, जिसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया और चोरी का मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने एक साथी का नाम उजागर किया, जिसे पुलिस ने अलग कार्रवाई कर गिरफ्तार किया।

दोनों आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने तीन मोटरसाइकिलें, दो एलपीजी सिलेंडर, एक पंखा, एक रेडमी एलसीडी और छह एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं। थाना डिवीजन नंबर 7 के प्रभारी गगनदीप के अनुसार आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रह चुके हैं, जिनमें से एक के खिलाफ इससे पहले भी मामला दर्ज है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों के नेटवर्क और अन्य संभावित वारदातों की कड़ियों की पड़ताल की जा रही है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# श्री सिद्धि विनायक मंदिर में माता बगलामुखी हवन का किया यज्ञ

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

चुहड़पुर रोड न्यू माया नगर हैबोवाल स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में माता बगलामुखी जी का हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ मंदिर प्रधान रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें भक्तों ने विश्व कल्याण की प्रार्थना करते हुए आहुतियां डाली। हवन यज्ञ को मंदिर के आचार्य पंडित कमल किशोर व् पंडित विजय शर्मा ने विधि विधान मंत्रोउच्चारण के साथ पूर्ण कराया। यजमान परिवार रविनंदन शर्मा ,सोनिया रविनंदन शर्मा ,अरिंधम शर्मा द्वारा माता बगलामुखी जी की प्रथम पूजा की गयी। इस अवसर पर आचार्य कमल किशोर ने कहा कि माता बगलामुखी जी का हवन बहुत ही शक्तिशाली माना गया है उन्होंने कहा कि माँ बगलामुखी हवन का मुख्य महत्व शत्रुओं पर विजय, वाद-विवाद और मुकदमों में सफलता, तथा समृद्धि और शांति पाना है। यह अनुष्ठान जीवन की बाधाओं को दूर करने, नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करने और भक्तों को मानसिक शांति प्रदान करने में सहायक माना जाता है। रविनंदन शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा व् कपिल शर्मा ने कहा कि मां बगलामुखी हवन से मानसिक शांति और स्थिरता मिलती है।प्रधान रविनंदन शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म के प्रसार हेतु युवाओं को अपने धर्म प्रति जागरूकता लेन हेतु मंदिर में धार्मिक आयोजन जारी रहेंगे।

# फ्रॉम रागाज़ टू रिधम्स का भव्य सांस्कृतिक आयोजन

**समर न्यूज़ | लुधियाना**



नृत्य करते हुए। फोटो लक्की भट्टी- समर न्यूज़

लुधियाना के सत पॉल मित्तल स्कूल में 27 नवंबर 2025 को कक्षा दूसरी, पाँचवीं, आठवीं और ग्यारहवीं द्वारा प्रस्तुत वार्षिक समारोह "स्वर्णिम भारतः फ्रॉम रागाज़ टू रिधम्स" रंग, उमंग और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के भव्य प्रदर्शन के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारत के संगीत और नृत्य परंपराओं की उस लंबी यात्रा को समर्पित था, जो प्रकृति में जन्मी, परंपराओं में पली और आज आधुनिक चमक के साथ विश्व मंच तक पहुँची है। मुख्य अतिथि के रूप में सत पॉल मित्तल स्कूल की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन राकेश भारती मित्तल उपस्थित रहे। मित्तल ऑडिटोरियम उत्साह से भर उठा जब गवर्निंग काउंसिल के सदस्य, गणमान्य अतिथि और सैकड़ों अभिभावक इस सांस्कृतिक शाम के साक्षी बने। कार्यक्रम की शुरुआत हरित स्वागत और दीप प्रज्वलन से हुई, जिसने मंच को शुभता और सकारात्मक ऊर्जा से आलोकित किया। अपने प्रेरणादायक स्वागत भाषण में श्री मित्तल ने स्कूल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों में मूल्यों, रचनात्मकता और सांस्कृतिक गर्व को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा विषय आधारित नाटक—एक भव्य समय यात्रा, जिसमें टाइम मशीन के माध्यम से भारत के संगीत विकास की कहानी को जीवंत किया गया। कक्षा पाँचवीं ने प्रकृति युग को प्रस्तुत करते हुए दिखाया कि संगीत कैसे जंगलों, नदियों और प्रकृति की ध्वनियों से जन्मा। कक्षा दूसरी के नन्हों ने प्रकृति में विद्यमान संगीत का सुंदर चित्रण किया। कक्षा आठवीं ने भक्ति–काल की पवित्रता, वहीं आठवीं व ग्यारहवीं ने शास्त्रीय नृत्य–युग की लय और आध्यात्मिकता को मंच पर उतारा। इसके बाद सूफी, औपनिवेशिक, लोक–संस्कृति और बॉलीवुड के विभिन्न युगों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिनाले में विविधता में एकता और भारत की स्वर्णिम विरासत का उत्सव मनाया गया।

# वेटरनरी यूनिवर्सिटी के यूथ फेस्टिवल में फाइन आर्ट्स के स्टूडेंट्स ने बिखेरे रंग

**समर न्यूज़ | लुधियाना**




गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, लुधियाना के यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन मौके पर ही पेंटिंग बनाने , मिट्टी की मूर्ति बनाने और कोलाज बनाने के कॉम्पिटिशन करवाए गए। डॉ. जतिंदर पाल सिंह गिल, वाइस-चांसलर ने कहा कि यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले स्टूडेंट्स हमारे इंस्टीट्यूशन के आर्ट एंबेसडर हैं। उन्होंने कहा कि अपनी कलात्मक और रंगीन कलाकृतियों से यह यूनिवर्सिटी विभिन्नता का एक मॉडल बनती है। उन्होंने स्टूडेंट्स को यूथ फेस्टिवल में पूरी लगन, जोश और आत्मविश्वास के साथ हिस्सा लेने के लिए मोटिवेट किया।

डॉ. राबिंदर सिंह औलख, डायरेक्टर स्टूडेंट वेलफेयर ने कहा कि स्टूडेंट्स इस यूथ फेस्टिवल में बड़े जोश के साथ हिस्सा ले रहे हैं और उनकी कला भी तारीफ के काबिल है। वे यूथ फेस्टिवल के ज़रिए आत्मविश्वास, धैर्य, समझदारी, टाइम मैनेजमेंट और कॉम्पिटिशन की हेल्दी भावना सीखते हैं। मेले के प्रशासकीय सेक्रेटरी डॉ. सर्वप्रीत सिंह घुम्मन ने बताया कि कोलाज बनाने के टॉपिक थे ``स्थिर जीवन'', ``बीच''। इस मौके पर पेंटिंग कॉम्पिटिशन के लिए एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक को विषय चुना गया था। मिट्टी की मूर्ति बनाने के टॉपिक थे ``मदारी'', और ``गांव की लड़की एक जानवर के साथ''। इन कॉम्पिटिशन में वेटरनरी साइंस कॉलेज, लुधियाना, कॉलेज ऑफ फिशरीज, कॉलेज ऑफ डेयरी एंड फूड साइंस टेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ एनिमल बायोटेक्नोलॉजी, वेटरनरी पॉलिटेक्निक, कालझरानी, कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस, रामपुरा फूल और खालसा कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज, अमृतसर के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। सभी स्टूडेंट्स ने पूरे जोश और उत्साह के साथ कॉम्पिटिशन में अपनी स्किल्स दिखाईं।

# बर्थडे पार्टी में झगड़ा, दो दर्जन हथियारबंद युवक रेस्टोरेंट में घुसे और किया हमला

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



घटना के बारे में जानकारी देता हुआ घायल सतिंदर - समर न्यूज़

गिल रोड पर गुरुद्वारा आलमगीर साहिब के पास मैकडोनाल्ड के सामने स्थित एक रेस्टोरेंट में वीरवार रात जन्मदिन की पार्टी के दौरान हुआ मामूली विवाद बड़ा रूप ले बैठा। अचानक हुए इस हंगामे ने पार्टी को दहशत में बदल दिया, जब विवाद में शामिल दो युवकों ने फोन कर अपने दो दर्जन के करीब हथियारबंद साथियों को बुला लिया।

जानकारी के अनुसार युवराज नामक युवक अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट में बर्थडे सेलिब्रेट कर रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद दो अन्य युवकों से किसी बात पर कहासुनी हो गई। बहस बढ़ने पर दोनों युवकों ने अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर बाद भारी संख्या में हथियारबंद युवक रेस्टोरेंट में घुसे और अंदर खूब तोड़फोड़ की। इसके बाद उन्होंने तेजधार हथियारों से युवराज और उसके साथियों पर हमला कर दिया।

हमले में सतिंदर सिंह उर्फ सती, युवराज, हरप्रीत और एक अन्य युवक घायल हुए। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस चौकी मराडो में शिकायत दर्ज करवाई है।

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की सहायता से हमलावरों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**सुविधा** | डिजिटल बदलाव की रफ्तार तेज, पारदर्शिता और सुविधा में बड़ा कदम

# लुधियाना नगर निगम अब होगा पूरी तरह ऑनलाइन, कागज़ों से छुटकारा

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लुधियाना नगर निगम अब डिजिटल परिवर्तन की ओर तेजी से बढ़ रहा है। वर्ल्ड बैंक परियोजना के तहत खरीदे गए 250 अत्याधुनिक कंप्यूटर और करोड़ों रुपये की लागत से तैयार ई-गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ निगम जल्द ही पूरी तरह ऑनलाइन होने जा रहा है।

एचआरएमएस (Human Resource Management System) जैसे आधुनिक सॉफ्टवेयर, जो कर्मचारियों से जुड़े सभी कार्यों को डिजिटल रूप से संचालित करेंगे, 2021 से ट्रायल पर थे। अब चारों जोनों में हार्डवेयर की सप्लाई पूरी हो चुकी है और लगभग 70% काम संपन्न भी हो गया है। अनुमान है कि अगले दो महीनों में पूरा सिस्टम सक्रिय हो जाएगा।

**ई-ऑफिसः फाइलों से फाइलों तक की दौड़ अब खत्म**

ई-ऑफिस लागू होने के बाद निगम में अब ऑफलाइन फाइलों का झंझट खत्म हो जाएगा। 2023–24 के सर्वे के अनुसार, लुधियाना के 5.5 लाख से अधिक प्रॉपर्टी मालिकों को इससे सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही निगम में मौजूद लगभग 50 लाख कागजी रिकॉर्ड भी डिजिटल हो जाएंगे। कानूनी शाखा इस प्रक्रिया के अंतिम चरण में है, जिसके पूरा होते ही सभी विभाग ऑनलाइन मोड में शिफ्ट हो जाएंगे।

**ई-निगमः हाउस मीटिंगें अब पेपरलेस**



मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर



सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर



विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा

एफएंडसीसी और जनरल हाउस की 100 से ज्यादा वार्षिक बैठकों में अब लाखों के कागज़, इंक कार्ट्रिज और मैनपावर पर होने वाला खर्च खत्म होगा। ई-निगम सिस्टम से निगम को भारी बचत होगी। यह सिस्टम 2026 के शुरुआती सत्र से लागू किया जाएगा।

**क्या कहना मेयर काः–**

मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने कहा कि इन सुविधाओं से पैसा ही नहीं, बल्कि समय और संसाधनों की भी बचत होगी। साथ ही निगम में पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता को तेज़ सेवाएं मिलेंगी।

**क्या कहना सीनियर डिप्टी मेयर काः–**

सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने कहा कि ई-ऑफिस लागू होने से लोगों को बार-बार निगम के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इससे जनता और प्रशासन दोनों का समय बचेगा।

**क्या कहना नार्थ विधायक काः–**

विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने कहा कि ई-निगम लागू होने से कागज़ की खपत कम होगी, जिससे वृक्षों की कटाई में भी कमी आएगी। यह कदम पर्यावरण के लिए भी लाभदायक सिद्ध होगा।